SUITABLE MATCH FOR M.Sc. PHYSICS, GOLD MEDALISTS KP GIRL 25 YRS. 162 CMS, WORKING AS UNIVERSITY LECTURER IN RAJASTHAN UNIVERSITY ON ADHOC BASIS UGC GRADE. CONTACT WITH BIO-DATA AND TEKHNI TO SHRI K. RAZDAN, TARA BHAWAN, A-1/8, SHIV NAGAR, SUBHASH NAGAR, JAMMU, PHONE NO. 541489. 5084-398

* * * * *

WANTED SUITABLE KP MATCH BELONGING TO RESPECTABLE FAMILY FOR A B.E. (CIVIL) M.E. (STRUCTURES) GIRL 25 YEARS 5'-4" EMPLOYED IN DELHI ADMINISTRATION. CORRESPOND WITH TEKNI AND FULL BIO-DATA TO LT. COL. B.L. JALA (RETD) 1656-A, SECTOR-31, JARSA ROAD, GURGAON, HARYANA-122 001. PH. 301949. 5085-398

* * * * *

ALLIANCE INVITED FROM WELL SETTLED KASHMIRI PANDIT BOY FOR A HOMELY SMART 27/5-3, M.Sc., B.Ed. WORKING GIRL KINDLY WRITE C/O. BHATS, J-56, VIKASPURI, NEW DELHI-110018.
5086-398

* * * * *

WANTED A WELL QUALIFIED KASHMIRI PANDIT BOY, SERVING IN STATE/CENTRAL GOVT. MULTINATIONAL COMPANY FOR A B.COM. AND COMPUTER TRAINED GIRL, SLIM 24/5'-3". SEND TEKNI WITH BIO-DATA OF THE BOY SLIM SH. BANSI LAL KAUL (PADROO) (DEVELOPMENT OFFICER, NATIONAL INSURANCE COMPANY AND SIDE BUSINESS) 142-JULLAH-KA-MOHALLA, JAMMU TEL. 544034 P.P.
5087-398

* * * * *

WANTED A SUITABLE NON MANGLIK MATCH FOR KP GIRL 1971 BORN 150 CM B.E. COMPUTER ENGINEERING. CORRESPOND M.L. SHANGLOO, 38-B, EVERSHINE APARTMENTS, OPPOSITE D.A.V. SCHOOL, VIKASPURI, NEW DELHI-18, PP NO. 2256777, 2257888/2491315, EXT. 621. 5088-398

* * * * *

AMERICA/DELHI BASED PROFESSIONAL KP MATCH (31-33) FOR DELHITE CULTURED, BEAUTIFUL KP GIRL 165 CMS. CONVENT EDUCATED Ph.D. COMMUNICATION PROFESSIONAL, MNC FIVE FIGURE

SALARY DECENT FAMILY BACKGROUND. REQUEST TEKNI, BIODATA CARE 110 SAMACHAR APARTMENTS, MAYUR VIHAR, PHASE-I, EXTN, DELHI-91. 5089-398

* * * * *

WANTED A SUITABLE BOY FOR A SMART BEAUTIFUL BOMBAY BORN KASHMIRI GIRL, 24 YEARS/ 5'-2" B.E. COMPUTER (HONOURS) WORKING AS ENGINEER AT USA. PLEASE CONTACT SHRI NAVEEN MIRAKHUR, 108 MEASURE DRIVE NORTH WAILS, PA 19454, USA. PHONE 2159961590 (USA) OR SHRI CHAMAN K. BHUJU, 7 STROKE, 58 UNAT NAGAR, M.G. ROAD, GOREGAON EAST, MUMBAI-400062. PHONE 8720767, 0091-22-8720767. 5090-398

* * * * *

MATRIMONIAL ALLIANCE ARE INVITED FOR KP GIRL, SLIM AND BEAUTIFUL WELL MANNERED AND HOMELY, BROUGHT UP WITH TENDER CARE AND AFFECTION, 24 YEARS, 5'-4" M.Sc. CHEMISTRY, 1ST CLASS FROM REPUTED UNIVERSITY BOTH PARENTS WORKING AND WELL SETTLED AT JAMMU. KINDLY CORRESPOND WITH BIO-DATA, TEKNI TO SHRI BHAN 38/7, TRIKUTA NAGAR, JAMMU, PHONE 431259.

5091-398

* * * * *

SUITABLE MATCH FOR K.P. MEDICO GIRL 25 YEARS 5'-4" SERVING HP GOVERNMENT. EARLY MARRIAGE. CONTACT PROF. T.N. SHALLA, 79/9 TRIKHTA NAGAR, JAMMU. 5092-398

* * * * *

SUITABLE MATCH WITH TEKNI FOR KP GIRL, 5'-5" BEAUTIFUL, GRADUATE, SERVING. BOY SHOULD BE DELHI BASED AND AGROUND 32-35 YEARS. CORRESPOND SHRI UDAYSHANKAR, FLAT NO. 49, POCKET B-10, SECTOR-3, ROHNI GFC, DELHI-110085.

5093-398

* * * * *

WANTED SUITABLE PROFESSIONALLY QUALIFIED KP MATCH PREFERABLY ENGINEER/MBA/BANK OFFICER SETTLED IN ANY METRO FOR MERITORIOUS, INTELLIGENT WITH PLEASING PERSONALITY AND HOMELY GIRL MARCH 1967/152/ FIVE FIGURE SALARY PLUS PERKS, WORKING AS AN OFFICER IN A MULTINATIONAL BANK IN NEW DELHI. PLEASE CORRESPOND WITH FULL BIO-DATA, KULAWALI AND TEKNI TO BHAT, E-72, SECTOR-27, NOIDA-201301, OR CONTACT ON PHONE : 91-555473.

5094-398

* * * * *

SUITABLE ALLIANCE INVITED FROM A KP BOY FOR TALL HIGHLY CULTURED GIRL 29/5'-6" B.Sc. B.E. (ELECTRONIC & POWER) WORKING IN A PRIVATE COMPANY IN NAGPUR. CORRESPOND WITH BIO-DATA AND TEKNI TO MR. R.L. KACHROO, B-3, KANCHAN SHRUTI APARTMENTS, DHARMPETH, NAGPUR-10. TEL. 556011/0712. 5095-398

* * * * *

SUITABLE ALLIANCE INVITED FOR MY DAUGHTERS M.PHARMA AND B.E. ELECTRONICS WORKING IN REPUTED FIRMS IN DELHI FROM WELL QUALIFIED KP BOYS. CORRESPOND WITH TEKNI AND BIO-DATA TO S.K. MATTOO, 12 CHARAK ENCLAVE, JAMMU CANTT-180003. 5096-398

* * * * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR A KP GIRL (TELECOMMUNICATION ENGINEER) WORKING AS MARKETING EXECUTIVE IN REPUTED CONCERN DELHI. CORRESPOND WITH COMPLETE TEKNI/ KALAWALI TO SH. PRETHVI NATH, PLOT NO. 397, SECTOR-IV, VAISHALI, GHAZIABAD-201010 (UP) PHONE 91-774350. 5097-398

* * * * *

WANTED SUITABLE MATCH FOR KP GIRL, 25/5'-3" DIPLOMA IN COMPANY SECRETARIALSHIP, WORKING IN A PRESTIGIOUS PVT. ORGANISATION IN DELHI. CORRESPOND WITH TEKNI/BIO-DATA WITH T.N. KAUL, C/O. 2/49 PAMPOSH COLONY, JANIPURA, JAMMU.

5098-398

* * * * *

WANTED A SUITABLE MATCH FOR KP GIRL, MA. M.Ed., 1/1968 BORN 5'-5". WORKING IN A GOVT. SCHOOL AT DELHI. PLEASE CORRESPOND WITH TEKNI AND BIO-DATA/KALAWALI THROUGH MAT. BOX. NO. 5099-398.

* * * * *

Wanted Brides and Grooms

WANTED SUITABLE PROFESSIONALLY QUALIFIED SETTLED MANGLIK MATCH FOR MY SON B.E., 28 YEARS 5'.4" WORKING AS MANAGER IN REPUTED COMPANY NEAR DELHI, DRAWING FIVE FIGURE SALARY AND PRETTY SMART MANGLIK GIRL 25 YEARS 5'-2" DIPLOMA IN ELECTRONIC, WORKING AS CO-ORDINATOR IN REPUTED COMPANY AT DELHI, DRAWING HANDSOME SALARY AND NON-MANGLIK GIRL 23 YEARS 5.'4", BEAUTIFUL, WORKING AS EXECUTIVE IN REPUTED COMPANY AT DELHI HAVING HANDSOME SALARY, PLEASE CORRESPOND/ CONTACT SHRI R.L. GANJOO, C-441, VIKASPURI, NEW DELHI. 9004-398

* * * * *

کشمیری پنڈتوں پر آج بھی لاٹھی چارج

نئی دلی-۲۸ جنوری (اپنے نمائندے سے)

... છોડી ગયેલા પંડિત કુટુંબો કાશ્મી...
... ફરી તેવી અપેક્ષા કેટલી ફોગટ ...

List of v...

1. Sh. Moti Lal S/o Srikanth.
2. Smt. Chhoti W/o Moti Lal.
3. Sanjay Kumar S/o Moti Lal.
4. Seema Kumari D/o Moti Lal.
5. Sarika D/o Moti Lal (Lady ...
6. Vijay Kumari W/o Sanjay ...
7. Venan Kumar (minor) S/o ...
8. Neemu (minor) S/o Sanja...
9. Kashi Nath S/o Shiv Dh...
10. Vinod Kumar S/o Kash...
11. Shadi Lal, Wireless Op...
12. Mrs. Shadi Lal.
13. Vikas (minor) S/o Sh...
14. Akshay Kumar S/o S...
15. Badri Nath S/o Shar...
16. Ashaji W/o Badrinath.
17. Vinod Kumar alias Papu Son-...
18. Jyoti D/o Badri Nath.
19. Meenakshi D/o Badri Nath.
20. Rakesh son of Badri Nath.
21. Vishno...

Kashmiri Pandits perform *dashkarma* of 23 members of their comm... (Srinagar), in the Capital on Tuesday.

Widespread condemnation o... eve... killings in Kashmir valley

KASHMI... SEVA SAMITI ... BANGALORE

नरसंहार का...
कश्मीरी पंडि...
कश्मीर...

कश्मीरी पंडितों को कश्मीर वापस लौट आने का कहते रहे। उन्होंने सुरक्षाबलों पर मानवाधिकार हनन का आरोप लगाने वाली संस्थाओं को भी आड़े हाथों लिया कि ये संस्थाएं भी सुरक्षाबलों का

है।

वामपंथी दलों ने कल हुए नरसंहार पर शोक व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से मांग की है कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति रोकने के

समुदाय द्वारा कश्मीरी पंडितों ... हनन का पर्दाफाश करेगा। ... की धारा 370 को अविलंब समा...

कश्मीरी पंडितों के दौरान ... जम्मू में बंद के दौरान ...

... नई दिल्ली, 27 जनवरी। ... श्रीनगर शहर से करीब 21 ... गांदरबल जिले के ... आतंकवादियों द्वारा 23 ...

सहारा ... नयी दिल्ली, 27 ... घाटी में पाक समर्थित उग्रवादि... पंडितों की बर्बर हत्या की ... है। प्रदेश भाजपा ने केंद्र व राज्य ... आतंकवाद के मोर्चे पर हर तरह ... निरूपित किया है। ... प्रदेश भाजपा अध्यक्ष केदारनाथ ... बयान में कहा है कि आतंकवादी निरंतर ... कर रहे हैं। अब तो मुख्यमंत्री फा... अब्दुल्ला के क्षेत्र में नरसंहार करके उग्रवादियों ... उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि ...

भाजपा ने केन्द्र व राज्य सरकार को विफल बताया

मनोबल गिराने के लिए आये दिन हो-हल्ला करती रहती हैं। विहिप की दिल्ली इकाई के महामंत्री सूर्यदेव त्रिपाठी ने भी इस नरसंहार की घटना की निंदा करते हुए इसे कायरतापूर्ण कार्रवाई बताया है।

लिए कड़े कदम उठाये जाएं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो ने नरसंहार की कड़ी निन्दा करते हुए दोषियों का शीघ्र पता लगाने की मांग की है। पार्टी ने ...

कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के लिए उनके जमीन जायदाद वापस दिलाने तथा कश्मीरी हिंदुओं व ... 50 हजार करोड़ की क्षतिपूर्ति देने की मांग की ...

...ashmiri Pandits express outrag...

By Our Staff Reporter

... accused the Congress 'misrule' at Centre for ... sowing the seeds of terrorism ...

... strong enough to condemn this dastardly ac... a group of fundamentalists. "But more alarm...



...nity, who were recently killed by militants at Ganderb...
Sanjeev Rastogi/Pio...

23 Kashm...

■ Militants target ...

...SS NEWS SERVICE
... (GANDERBAL) JANUARY 26

...ANTS gunned down ...miri pandits, includ... ...omen and fou... ...eve of th... ...of Srina...

कश्मीरी विस्थापितों ने जुलूस निकाला

[कार्यालय संवाददाता]
...ग्लौर, 29 जनवरी। कश्मीर घाटी में 23 ... पंडितों को निर्मम हत्या के विरोध में कश्मीरी ... सेवा समिति ने गुरुवार को बंगलौर में ... के जान-माल की रक्षा ...

Shedding of innocent blood in Kashmir

...killing ...its by ...en i... ...mi...

Dismissal of J&K govt urged

DH News Service
...LORE, Jan 29

Hindu Jagarana Vedike and Bharatiya Janata Party took out a protest rally in the City condemn... ...norities in the valley. All India Vice-Presid...

THE TIMES OF INDIA, BANGALORE 8 FRIDAY, JANUARY 30, 199...



...miri Vishtapit Seva Samiti members take out a procession ...st against the recent killing of the Kashmiri Pandits by ...in the Kashmir valley.

...carnage o...

...विरोध कर रहे ...
...तों पर लाठीचा...

...र्ष □ घटना से राष्ट्रपति...

...मेत कई प्रमुख नेताओं तथा ... पार्टियों जिनमें भाजपा, कांग्रेस, ... जनता पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट ... ने इस नरसंहार की कड़ी भर्त्सना ...

...व्यक्तियों के सर्वाधिक ... की है। उन्होंने ... भेदभाव से ... की है। ... प्रधानमंत्री ...

...OSADIGANTHA ...

...ीरी पंडितों के बर्बर नरसंहार की ...

अभियान चलाये जाने की मांग की है।
विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष विष्णुहरि डालमिया ने कल गणतंत्र दिवस पर कश्मीर में दो दर्जन पंडितों की सामूहिक हत्या करने वाले आतंकवादी संगठनों की कटु निंदा की है। उन्होंने इस सामूहिक नरसंहार को कश्मीर की फारूख अब्दुल्ला सरकार की नाकामी और लचर रवैये का नतीजा करार दिया है।
श्री डालमिया ने कहा है कि इस वारदात के बाद फारूख अब्दुल्ला कश्मीर में अल्पसं... समुदाय को सुरक्षा प्रदान करने में ... हो गये हैं, सवाल है कि ...

कश्मीर घाटी में कल हुए नृशंस हत्याकांड जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए तत्काल आवश्यक कड़े कदम उठाये जाने चाहिए।
जनता दल ने कश्मीरी पंडितों की हत्या की कड़ी भर्त्सना की है। ... राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहन प्रका... पत्रकारों से बातचीत ...

೨೩ ಪಂಡಿತರ ಹತ್ಯೆ ...

DO NOT FORGET THE "MANZIMYOR"

The ever-growing popularity of our matrimonial advertisement columns gives us a feeling of satisfaction and joy that *KOSHUR SAMACHAR* as the traditional manzimyor does play a useful role in bringing together our young boys and girls in the happy wedlock. While we wish them good luck and prosperity, we do nurse a grievance against these young couples and their parents that once the alliances are formalised and marriage festivities begin, they conveniently forget the Manzimyor, we mean *KOSHUR SAMACHAR*, which has a major hand in bringing the new relationships to fruition.

We would appeal to the newly wed couples of our community, particularly those who came together through *KOSHUR SAMACHAR*, to maintain their links with us wherever they settle down, become and enrol subscribers and favour us with a substantial donation for sustaining this, their own journal, out of the enormous expenditure that is incurred these days on marriages and the related ceremonies.

We also invite for publication wedding photographs of the newly weds in *KOSHUR SAMACHAR* at a nominal charge: Rs. 500 for a black and white photo and Rs. 1000 for a colour photograph to go along with the news of the wedding. In case, it is desired to feature the photographs on inside covers, these will be charged at normal rates.

Marriage season is in the offing. Come on, be a trend-setter! Let's see which couple initiates this happy trend. Be a part of the K.S. family. God Bless !

—EDITOR-IN-CHIEF

IN MEMORY OF



SHRI JIA LAL JI SHAH (THATHA JI)

Swami Vivekanand Ji once spoke, "Sanyasi and Householder are superior and inferior varieties of Mangoes, while former is superior but unripe the latter is inferior but luscicious."

The Third Death Anniversary of Shri Jia Lal Ji Shah is coming on 10th March, 1998.

Late Thatha Ji abondoned the territial garment with word, deed and action in perfect harmony to achieve 'Nishkam Upasana'. His memory will never fade to act on his ideals as house holder.

As Longfellow asserted,

"Life is real, life is earnest;
The grave is not its goal
Dust thou art to dust returnest
Was not spoken of the soul".

So, his memory may ever kindle within us towards a higher goal".

Shah's
Gandhi Nagar Jammu

OBITUARY



SMT. RAJ RANI KAUL
(27.3.1924 to 22.1.1998)

Smt. Raj Rani Kaul (Gouri) w/o Mr. Rajender Nath Kaul and D/o Dr. N.N. Ganju, of Raghunath Mandir, Srinagar passed away peacefully on 22.1.98 at 5 a.m. in 48, Sukhekain Marg, DLF Qutab Enclave, Phase-I, Gurgaon, Deeply mourned by a large number of relatives and friends in India and abroad. A person of outstanding qualities and intellect. She symbolised the best in Kashmiri Pandit womenfolk. She hailed from a well-known family of Kashmir to which famous Pt. Hargopal Kaul belonged. She inspired a large number of younger generation by her courage and forbearance, and suffered silently her exile from Kashmir during past nine years, with her home and belonging burnt to ashes.

Satish Kumar Kaul (son) Phone 91350104
Smt. Nancy Kaul, daughter-in-law
Smt. Raj Kachru, daughter
Prof. P.N. Kachru, son-in-law
Dr. D.P. Razdan, son-in-law
Dr. Baljit Razdan, Daughter
Dr. Santosh Habber, daughter
Dr. H.G. Hebber, son-in-law
Somnath Kaul, brother-in-law
Smt. Som Rani Kaul, sister-in-law
Dr. Krishna Bhat, sister
Prof. S. Bhatt, brother-in-law
Mr. Omkarnath Ganju, brother
Mr. A.K. Ganju, brother
Mrs. Suchitra Ganju, sister-in-law
Babloo-grandson
Anu Grand-daughter

REMEMBRANCE

1ST DEATH ANNIVERSARY OF




SHADI LAL BHATT FONDLY KNOWN AS SHADI JI

We pay our respectful homage in his ever lasting memory and pray to God that his soul rests in eternal peace on his first death anniversary which falls on March 14, 1998.

Fondly remembered by :

Smt. Meenawati Bhatt and	Parents
Shri Prem Nath Bhatt	Ph. 5013187
Smt. Asha Bhatt	Wife
Mrs. and Mr. H.K. Bhatt	Brother Ph. 6100117
Mrs. and Mr. Bhushan Lal Bhatt	Brother Ph. 6250101
Mrs. and Mr. Ashok Bhatt	Brother Ph. 5018187
Mrs. Dura Koul	Sister
Mr. Tej Nath Koul	Brother-in-law
Ajay and Rohit	Sons
Mujoo's family	In Laws

OBITUARY



(SHRI RABINDER NATH KAUL)

With profound grief we inform the sad demise of our beloved father Rabinder Nath Kaul of G-2/17-18, Malviya Nagar, New Delhi on January 4, 1998 at Surat.

Grief stricken :

Sarla Kaul	**— Wife**
P.I. Kaul	**— Brother**
Surrinder Nath Kaul	**— Brother**
Rajinder and Indua	**— Son and Daughter-in-law**
Madhu and Vijay Kaul	**— Daughter and Son-in-law**
Manjula and Rattan Tikoo	**— Daughter and Son-in-law**
Pritima and Dr. Vimal Atal	**— Daughter and Son-in-law**

Other family members

ON HIS TENTH DEATH ANNIVERSARY

(9th March 1998)

IN FOND AND LOVING MEMORY OF



(SHRI SOM NATH DHAR)

We pay our respectable homage to his everlasting memory and pray to God that his soul rests in eternal peace

Fondly Remembered by :

Raj Dulari Dhar	—	**Wife**
Meera and Ajay Kak	—	**Daughter and Son-in-law**
Meenu and Gagan Kaul	—	**Daughter and Son-in-law**
Renuka and Balaji Dhar	—	**Daughter-in-law and Son**
All Relatives and Friends		

B-3, Pamposh Enclave, New Delhi-110048

SHRADDHANJALI ON FIRST DEATH ANNIVERSARY

(February 22, 1998)



(SMT. KANTA RANGROO)

One year has passed without your physical presence but not a single day has passed without remembering you. As long as memory lasts your n[illegible]y will remain in our hearts.

May your noble soul rest in peace. SOMAWATI RANGROO
(Mother-in-Law)

Respectful homage by :

O.N. Rangroo	**— Husband**
Kuldip and Sarla	**— Son and Daughter-in-law**
Sandeep	**— Grand Son**
Shamita and Jatin Rawal	**— Daughter and Son-in-law**
Aditya and Kandarp	**— Grand Sons**
Mrs. & Mr. R.L. Rangroo	**— Brother-in-law**
Mrs. & Mr. B.L. Rangroo	**— Brother-in-law**
Mrs. & Mr. I.B. Rangroo	**— Brother-in-law**

SHRADDHANJALI ON 2ND DEATH ANNIVERSARY

Days and months will roll into years but we will always remember you in silent tears



Piyari-Babi Kanwal Rani Bhat (Dadroo)

known as Chuni Jigri. R/O Sher-i-Kashmir Colony, Anantnag Kashmir.

On thirteenth March 1996, your quick and sudden death has left us in the lurch with feeble breath we fail to understand when Almighty decided such cruel fate for an affectionate, joyous and lovely woman like you and snatched away a shining light from us like a flying bird in the sky. Your dedication, moral and financial support in domestic and business affairs shall be remembered at all times.

You were a symbol of love, affection, generosity, humanity, hospitality and simplicity apart from being sympathetic towards needy without caste creed and religion having no urge of expectation and reward.

Whatever and wherever you are, we always pray for peace of your soul in eternity.

"Though the death breaks the earthly ties but love and memories survive for ever".

Grief Striken : Kanya Lal Bhat (Dadroo)—Husband, Shadi Lal & Asha—Son & daughter in law Ravi & Basanti—Son & daughter in law, Kundan & Dr. Roop Krishen Bhat—Daughter & Son-in-law, Rani, Shiney, Jimmy, Johnee, Gudya and Kaka—Grand Sons and Daughters, Mrs. Madan Mohan Bhat and her sons—Sister-in-law and cousins, Radha Krishen Koul (with Koul pariwar Hanad-Chowalgam—Uncle and others, Kanya Lal Koul & Rani—Brother & Bhabi), Vijay & Anjli—Brothers son & daughter in law.
All paternal and maternal relations and well wishers.

We thank all our well wishers and sympathisers who shared our grief and offered condolances on her death.

163-A-P. Block, Sect. 23, Sanjay Nagar, Ghaziabad (U.P.)
Telephone office : 73 5652 Residence : 752364 Pin. 201 002.

KASHYAP RISHI SEHKARI AWAS SAMITI LTD.

9/85, Sec. 3, Rajinder Nagar Sahibabad, Distt. Ghaziabad-201 005
Regd. with U.P. Govt. (Subject to Ghaziabad Jurisdiction)



Standing L to R—Prof. T.N. Raina Treasurer, Dr. J.L. Kachroo member, Shri A.K. Koul Vice President, Shri P.K. Raina President, Shri Jagdish Tiyagi Land Owner, Helper.

Sitting : Shri M.L. Bhat Executive member, Dr. J.L. Qazi Secretary, Shri M.L. Khashoo.

Allotment of plots to 100 families in phase 1st shall be complete by the middle of March 98. The membership in 1st phase is closed w.e.f. 31st of January 98.

Owing to the public pressure, beginning for phase IInd consisting of 125 plots has already been made. Sixty members stand enlisted and interested persons from the Biradari may apply for the rest of the available plots.

Future programme within the premises of the colony include

1) **Establishment of Educational Society**
2) **A Technical Institute**
3) **A Cooperative Bank.**

(P.K. RAINA)
President

कोशुर समाचार

वर्ष 42 अंक 12 मार्च 1998

इस अंक में

चिन्तन

स्वामी विवेकानन्द के शक्तिदायी विचार

"हमारे सामने यही एक महान आदर्श है और हर एक को इसके लिए तैयार रहना चाहिए, वह आदर्श है—भारत की विश्व पर विजय। उससे छोटा कोई आदर्श न चलेगा। हम सभी को इसके लिए तैयार रहना चाहिए और इसे प्राप्त करने का पूरा प्रयास करना चाहिए।....उठो भारत, तुम अपनी आध्यात्मिकता द्वारा जगत पर विजय प्राप्त करो।"

●

"यदि मैं अपने देशवासियों को जड़ता के कूप से निकाल कर मनुष्य बना सका, यदि उन्हें कर्मयोग के आदर्श से अनुप्राणित कर जगा सका, तो मैं हंसते हुए हजारों नर्कों में जाने को तैयार हूं।"

●

"....यदि पृथ्वी पर ऐसा कोई देश है जिसे हम धन्य पुण्यभूमि कह सकते हैं, यदि ऐसा कोई स्थान है जहां सब जीवों को अपना कर्मफल भोगने आना पड़ता है, यदि ऐसा कोई स्थान है जहां भगवान की ओर उन्मुख होने के प्रयत्न में संलग्न रहने वाले जीव मात्र को अंततः आना पड़ता है, यदि कोई ऐसा देश है जहां मानव जाति की क्षमा, पवित्रता, दया, आदि सद्प्रवृत्तियों का सर्वाधिक विकास हुआ है और यदि कोई ऐसा स्थान है जहां आध्यात्मिकता तथा सर्वाधिक आत्मान्वेषण का विकास हुआ है, तो वह स्थान भारत ही है। अत्यंत प्राचीनकाल से ही यहां पर भिन्न-भिन्न धर्मों के संस्थापकों ने अवतार लेकर सारे संसार को सत्य की आध्यात्मिक सनातन और पवित्रधारा से बारम्बार प्लावित किया है। यहीं से उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम चारों ओर दार्शनिक ज्ञान की प्रबलधाराएं प्रवाहित हुई हैं, और यहीं से वह धारा बहेगी, जो आजकल की पार्थिव सभ्यता को आध्यात्मिक जीवन प्रदान करेगी।"

●

"हमारा पवित्र भारतवर्ष धर्म एवं दर्शन की पुण्यभूमि है। यहीं बड़े-बड़े महात्माओं तथा ऋषियों का जन्म हुआ है, यही संन्यास एवं त्याग की भूमि है तथा यहीं, केवल यहीं, आदिकाल से आज तक मनुष्य के लिए जीवन के सर्वोच्च आदर्शों का द्वार खुला हुआ है। ....आज हमें बहुत से लोग, यह सिखा रहे हैं कि हिन्दू जाति सदैव से भीरु तथा निष्क्रिय रही है और यह बात विदेशियों में एक कहावत के रूप में प्रचलित हो गई है। मैं इस विचार को कभी स्वीकार नहीं कर सकता। सत्य तो यह है कि जितनी कर्मण्यता हमारे इस पुण्य क्षेत्र भारत में रही है उतनी शायद ही कहीं रही हो और इस कर्मण्यता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि हमारी यह चिर प्राचीन एवं महान हिन्दू जाति आज भी ज्यों की त्यों जीवित है। और इतना ही नहीं बल्कि अपने उज्ज्वलतम जीवन के प्रत्येक युग में मानो अविनाशी और अक्षय नवयौवन प्राप्त करती है।...."

—*स्वामी विवेकानन्द*

कश्मीरी समिति, दिल्ली का मासिक प्रकाशन

सम्पादक—चमनलाल सप्रू

अपनी बात

प्रिय बन्धुओ, नमस्कार।

25 जनवरी, 1998 को पूरा देश गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अगले दिन के राष्ट्रीय उत्सव को मनाने की तैयारी में जुटा था। श्रीनगर से मात्र बीस-पच्चीस किलोमीटर की दूरी पर स्थित विश्व प्रसिद्ध जगदम्बा के तीर्थ स्थल क्षीर भवानी के पास वोंद हामा गांव में बचे हुए पांच-छः हिन्दू परिवारों के लोग भी सुनहरे भविष्य के स्वप्न संजो रहे थे। इनमें एक परिवार की लड़की की अगले दिन सगाई का उत्सव मनाने की तैयारी हो रही थी। उनका जमाता, पुत्री और उनके दो बच्चे भी शोपयान गांव से आए थे। मस्जिद में शब-ए-बरात के सिलसिले में दरूद ख्वानी हो रही थी। अर्द्ध रात्रि से कुछ पहले लगभग 28 बन्दूकधारी इस गांव के भीतर घुस कर योजनाबद्ध कार्यक्रम अनुसार सर्वश्री काशीनाथ, बदरीनाथ धर, विष्णु भट्ट और मोतीलाल भट्ट के घरों में घुसे। एक घर में कुछ खाने के साथ चाय मांगी, चाय पीने के पश्चात पूरे के पूरे परिवारों को गोलियों से भून डाला। इनमें दो मासूम बच्चे और पांच महिलाएं भी थी। मोतीलाल के घर को आग लगा दी गई जिसमें से छः बुरी तरह जली लाशें प्राप्त हुईं। इन परिवारों में मात्र एक चौदह वर्षीय बालक विनोद बच पाया। कुल मिलाकर 23 निर्दोष कश्मीरी हिन्दुओं की हत्या करने के बाद गांव के मंदिर को जलाया और रात के अंधेरे में तथाकथित मुजाहिद भाग गए। इस नरसंहार के प्रत्यक्षदर्शी विनोद के लिए लंबी दाढ़ी रखे अधिकांश मुजाहिद परिचित थे। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार यह भाड़े के विदेशी आतंकवादी थे। यह कैसे मान सकते हैं कि इस भीषण नरसंहार के लिए आए यह तथाकथित भाड़े के आतंकवादियों को स्थानीय आतंकवादियों ने मार्गदर्शन न किया हो?

निस्संदेह इस भीषण नरसंहार के लिए मुख्यमंत्री दोषी हैं जिन्होंने वहां से सुरक्षा चौकी हटा दी थी। शांति का वातावरण घोषित करते उनकी जीभ नहीं थकती थी। बेचारे यह तेईस शहीद हिन्दू तब भी अपने पैतृक घर नहीं छोड़ चुके थे जबकि जनवरी, 1990 में लाखों हिन्दू घाटी से पलायन कर चुके थे। उन्हें स्थानीय मुस्लिम पड़ोसियों ने सुरक्षा का आश्वासन दिलाया था। लेकिन फिर भी यह भयंकर नरसंहार हुआ। इस घटना से साफ जाहिर है कि मुख्यमंत्री बिल्कुल नालायक है। उसके प्रशासन में पाक परस्त घुसपैठिए हैं। केन्द्र में कमजोर नेतृत्व है जिसमें आठ साल से चले आ रहे आतंकवाद को कुचलने की इच्छाशक्ति नहीं है। क्या कारण है कि जिस सेना के सामने एक लाख पाकिस्तानी फौज ने घुटने टेक दिए और उन्हें हमारी सेना ने युद्ध बन्दी के रूप में रखा वही सेना अपनी ही भूमि (कश्मीर) में निष्क्रिय है? उन्हें तथाकथित मानव अधिकारों का उल्लंघन न होने के भय से हमारे छद्म सेक्यूलर शासकों ने हाथ बांध कर रखे हैं।

इस नरसंहार में बचे वीर विनोद कुमार के साथ हम सब हैं। वह हमारे परिवार का अंग है। धर्मांध आतंकियों ने उसके माता-पिता या बहन-भाईयों, को नहीं भून डाला बल्कि हम सबके माता-पिता और बहन-भाईयों को मारा गया है। सरकार ने रुटीन में शोक प्रकट किया। मगरमच्छ के आंसू भी बहाए। प्रधानमंत्री जरूर वोंद हामा गांव गए जो सर्वथा वांछनीय था। किन्तु फिर गुलमर्ग में मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित करोड़ों रुपये के नाटक (शीत कालीन मेलें) का उद्घाटन करने के लिए वहां जाने का क्या तुक था? हमारा मानना है कि उन्हें राष्ट्रीय शोक घोषित करके गुलमर्ग के तमाशे को रोकना चाहिए था। सोनिया गांधी ने बाबरी ढांचे के गिराए जाने पर मुसलमानों से माफी मांगी। 'आपरेशन ब्ल्यू स्टार' के लिए सिखों से माफी मांगी। लेकिन वोंद हामा की दुर्घटना के अवसर पर तीन लाख जिंदा मूर्तियों को आठ साल से 'शारदा मंदिर' (कश्मीर) से उखाड़ने पर क्यों नहीं माफी मांगी?

आज पूरा देश इतिहास के एक नाजुक दौर से गुजर रहा है। भारतमाता के सपूतों को मिटाने का षड्यंत्र चल रहा है। कश्मीर में हुए नरसंहार को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देखने की आवश्यकता है। बन्धुओं हमें अपने अस्तित्व के लिए स्वयं अपनी लड़ाई लड़नी है और पूरे देश का नेतृत्व करना है। भारतमाता की नजरें हम पर हैं। हमारी परीक्षा हो रही है। हम विजयी होंगे। हमें शक्तिशाली भारत राष्ट्र का निर्माण करना है। इस आशा के साथ वन्दे मातरम्।

आपका

घाटी में नरसंहार

राष्ट्रीय समाचार पत्रों के सम्पादकीय सरांश

हिंदुओं पर फिर टूटा कहर

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष कर उस समय जब आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान कश्मीर में एक बार फिर चुनाव प्रक्रिया के द्वारा राज्य का जनमानस भारतीय लोकतंत्र में विश्वास व्यक्त करने की तैयारी कर रहा था, गांदरबल क्षेत्र में उग्रवादियों ने 23 कश्मीरी हिंदुओं की नृशंस हत्या कर घाटी को दहला दिया। क्या यह हादसा उन सेकुलर सत्ताधीशों की आंखें खोल पाएगा जो गुजराल सिद्धांत की पट्टी आंखों पर बांधे भारत के मुकुटमणि और नंदनवन कश्मीर को थाली में सजाकर पाकिस्तान को सौंपने के राष्ट्रद्रोही प्रयासों में लगे हैं। कश्मीर में अब तक के उग्रवादी दौर में यह सबसे बड़ा और भीषण हत्याकांड है। यह कांड उस समय होना और भी ज्यादा चिंताजनक है जब प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला तक यह दिखाने में अपनी पूरी चतुराई का इस्तेमाल करने में लगे थे कि कश्मीर में अब हालात सामान्य हो गए हैं। फारूख सरकार ने तो राज्य में अमन चैन दिखाने के लिए लगभग 10 करोड़ के खर्च से गुलमर्ग में शीतकालीन खेलों के आयोजन की तैयारी की। उद्देश्य सिर्फ यह था कि फारूख देश को दिखाना चाहते हैं कि कश्मीर के हालात सामान्य हैं। गांदरबल फारूख का चुनाव क्षेत्र है। लेकिन मुख्यमंत्री की संवेदनहीनता देखिए कि इस कांड के बाद शुरू होने वाले गुलमर्ग के शीतकालीन खेलों का उद्घाटन पूरी शानौशौकत के साथ किया गया। इस आयोजन पर कहीं भी गांदरबल हत्याकांड की दुखद छाया नहीं दिखाई दी।

फारूख अब्दुल्ला ने जबसे इस नए दौर में राज्य की बागडोर संभाली है तब से यह चौथा बड़ा हादसा है। गत वर्ष मार्च में बडगाम जिले में उग्रवादियों ने 7 कश्मीरी हिंदुओं की हत्या कर दी थी। क्या यह तथ्य किसी सेकुलर या मानवाधिकारवादी के ध्यान में आता है कि उग्रवादियों का कहर सिर्फ हिंदुओं पर ही क्यों टूटता है? पहले ही हत्या, बलात्कार और लूट जैसे उत्पीड़न से त्रस्त लाखों हिंदू घाटी से पलायन कर इधर-उधर असहाय और अभावग्रस्त शरणार्थी जीवन जी रहे हैं। उनकी सुध लेने वाला कौन है? घाटी में बचे शेष हिंदुओं को भी कत्ल करके घाटी को हिंदू विहीन बना डालने का इस्लामी षडयंत्र अभी जारी है। पाकिस्तान कश्मीर को हड़पने का सपना उसी दिन से देख रहा है जबसे वह अस्तित्व में आया लेकिन नेहरू से लेकर गुजराल तक की दिल्ली की सेकुलर सरकारें देशद्रोही तत्वों की अनदेखी करके पाकिस्तान परस्त नीति का आलम्बन कर कश्मीर समस्या को और गंभीर बनाती रहीं। फारूख की मानसिकता को तो इसी से समझा जा सकता है कि जब कश्मीर अलगाववाद व उग्रवाद की आग में झुलस रहा था तो वह देश छोड़कर लंदन में वर्षों सपरिवार तफरीह करते रहे। फारूख बार-बार घोषणा करते रहे हैं कि घाटी से पलायन कर गए हिंदू वापस आकर अमन चैन से अपना छूटा घरबार फिर से संभाल लें लेकिन क्या हिंदू उग्रवाद के खूनी जबड़ों में जाने के लिए घाटी में वापस जाएं? उधर षडयंत्रपूर्वक पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से बड़ी संख्या में मुसलमानों को बुलाकर कश्मीरी हिंदुओं की संपत्तियों पर काबिज किया जा रहा है और राज्य का राजस्व विभाग हिंदुओं को उनकी संपत्तियों से बेदखल कर रहा है। यह दोहरी नीति क्या वास्तव में फारूख के कश्मीरी हिंदुओं के हित चिंतक होने की निशानी है? क्या गुजराल सिद्धांत में हिंदुओं के लिए भी कोई सद्भावना निहित है? गांदरबल हत्याकांड ने देश के हिंदू मानस को बुरी तरह झकझोर दिया है, लेकिन क्या हिंदुत्व विरोधी इन षड्यंत्रों को हिंदू यों ही बर्दाश्त करते रहेंगे?

—पाञ्चजन्य

•

बेकाबू आतंकवादी

विगत दिवस जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के निकट आतंकवादियों ने 23 कश्मीरी पंडितों की जो जघन्य हत्या की उस पर प्रमुख राजनीतिक दलों का लगभग मौन रहना अनुचित है। यद्यपि डा. फारूक अब्दुल्ला सरकार ने कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को तेजी से संभाला है, लेकिन यह सरकार उन इस्लामी आतंकवादियों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है जिन्होंने पाकिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त किया है अथवा जिन्हें पाकिस्तान का सहयोग और समर्थन प्राप्त है। कश्मीर में इन आतंकवादियों की गतिविधियां जारी रहना यह बताता है कि अभी उनके हौसले पस्त नहीं हुए हैं। भले ही यह न कहा जा सकता हो कि कश्मीर की स्थिति बेकाबू है, लेकिन इतना तो है ही कि पाकिस्तानी आतंकवादियों के मन

में पुलिस और सुरक्षा बलों का वैसा भय नहीं है जैसा कि होना चाहिए। कश्मीर में आतंकवादियों की गतिविधियां जारी रहना यह भी जाहिर करता है कि राज्य की पुलिस और खुफिया सेवा में इस्लामी आतंकवादियों की पैठ बनी हुई है। अगर यह पैठ नहीं होती तो यह संभव नहीं कि अंधाधुंध हत्याएं करने वाले आतंकवादियों को गिरफ्तार न किया जा सके। आतंकवादियों पर कोई अंकुश न लग पाने और उनके द्वारा निर्दोष लोगों की हत्याओं का सिलसिला जारी रखने से स्थानीय जनता का क्षुब्ध होना स्वाभाविक ही है। यदि आतंकवादियों की गतिविधियां बढ़ेंगी तो उनका विरोध अवश्य होगा। निषेधाज्ञा जारी करके इस विरोध को रोका नहीं जा सकता।

यह आश्चर्य की बात है कि 23 कश्मीरी पंडितों की हत्या के विरोध में देश की राजधानी दिल्ली में जो प्रदर्शन हुआ उसे बलपूर्वक रोकने की चेष्टा की गई और प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया गया। निःसंदेह देश की जनता को कानून एवं व्यवस्था को लेकर राज्य सरकारों के विरुद्ध विरोध प्रकट करने का अधिकार है। यदि कोई राज्य सरकार कानून एवं व्यवस्था की रक्षा नहीं कर पा रही है और केंद्र ऐसी राज्य सरकार पर कोई दबाव नहीं बनाता तो फिर जनता के समक्ष विरोध प्रदर्शन के अतिरिक्त अन्य कोई उपाय नहीं है। दिल्ली में कश्मीरी पंडितों की हत्या का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करने और अश्रु गैस के गोले छोड़ने का कहीं कोई औचित्य नहीं था। पंडितों की हत्या के विरोध में दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ जो व्यवहार किया गया उसे सही नहीं कहा जा सकता। प्रदर्शनकारियों पर लाठियां चलाने से भारतीय लोकतंत्र की रक्षा होने वाली नहीं है। अच्छा यह होगा कि भारत सरकार कश्मीर समस्या पर बहुत ही गंभीरता से विचार करे और इस बात पर विशेष ध्यान दे कि इस राज्य में सक्रिय इस्लामी आतंकवादियों पर काबू कैसे पाया जाए?

कश्मीर में इस्लामी आतंकवादियों की सक्रियता एक बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती का सामना दृढ़ता से किया जाना चाहिए। कश्मीर में आतंकवाद पर काबू पाने के लिए एक ओर जहां पाकिस्तान को चेताने की जरूरत है वहीं दूसरी ओर यह भी आवश्यक है कि कश्मीर की पुलिस में पाकिस्तानी आतंकवादियों के जो एजेंट घुसे हुए हैं उन्हें पहचाना जाए। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो आतंकवादियों के बढ़ते हुए दुस्साहस को ध्वस्त करना संभव नहीं। कश्मीर में 23 निर्दोष लोगों की हत्या के बाद घाटी से हिंदुओं का पलायन पुनः शुरू हो सकता है। कश्मीर घाटी में जो हिंदू बचे हैं उनके संदर्भ में इस बात को विस्मृत नहीं किया जा सकता कि एक तो वे आतंक के साये में जी रहे हैं और दूसरे उनके पास कोई ठोस कामकाज भी नहीं है। यदि यही स्थिति बनी रही तो यह लगभग तय है कि कश्मीर घाटी के बचे-खुचे हिंदू भी पलायन करने की बात सोचने लगेंगे।

—जागरण

•

कश्मीर में फिर खूनखराबा

संग्रामपुरा के बाद अब कश्मीर घाटी में वुंदहामा गांव में जिस तरह से राष्ट्र विरोधी ताकतों ने कहर ढाया है, उससे यही सबक मिलता है कि कश्मीर में तनिक भी लापरवाही ठीक नहीं है। पिछले डेढ़ साल से हमें लगातार यही बताया जा रहा है कि कश्मीर में स्थिति सामान्य हो गई है। मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला एकाधिक बार वहां से बेदखल कर दिए गए हिंदुओं से अपील कर चुके हैं कि वे कश्मीर लौट आएं। लेकिन जिस तरह से चुन चुनकर पंडितों के परिवारों को गोलियां से भूना गया, उनके मकान जला दिए गए, एक साल के बच्चे तक को नहीं छोड़ा गया और लौटते हुए एक मंदिर को भी तहस-नहस कर दिया गया, उस हालत में कौन कश्मीर लौटना चाहेगा? खेद की बात तो यह है कि यह सब राजधानी श्रीनगर से महज 26 किलोमीटर की दूरी पर हुआ और 26 जनवरी के दिन हुआ। यही नहीं, उल्लेखनीय यह भी है कि गांव मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के चुनाव क्षेत्र में पड़ता है। इसका सीधा-सा मतलब यही निकलता है कि प्रशासन की तरफ से लापरवाही बरती गई। हर साल गणतंत्र दिवस पर आतंकवादी कुछ न कुछ हरकत करते ही हैं। ऐसे में एहतियाती कदम उठा लेने चाहिए थे लेकिन प्रशासन ने न सिर्फ चौकसी बरतने में ढिलाई दिखाई बल्कि पूर्व उग्रवादियों द्वारा संभावित वारदात के बारे में दी गई चेतावनी को भी नजरअंदाज करदिया। फारूक अब्दुल्ला के ही आश्वासन पर कश्मीर के अनेक इलाकों से सेना को वापस बुला लिया गया था। अब किस मुंह से फारूक अब्दुल्ला सेना की मुखालफत करेंगे? राज्य सरकार की पुलिस तो गांव में तब पहुंची जब एक 13 साल का लड़का भाग कर रिपोर्ट करता है। लेकिन क्या यह पुलिस तीन दर्जन में से एक भी आतंकवादी को गिरफ्तार नहीं कर पाई? नहीं। मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला को कम से कम अब तो चेत जाना ही चाहिए। उन पर यह आरोप है कि वे अपनी जनता के एकछत्र नेता होने के बावजूद उसकी रक्षा के प्रति लापरवाह रहे हैं। वे जब-जब सत्ता में रहे हैं आतंकवादियों को अपनी गतिविधियां फैलाने का मौका

मिला है। 1984 में इसी वजह से उन्हें इंदिरा गांधी ने कुर्सी से बेदखल कर दिया था और फिर 1989 में आतंकवाद के तूफान के बाद राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा। कम से कम एक ऐसे व्यक्ति की तरफ से यह लापरवाही उचित नहीं जो अपनी जनता का एकछत्र नेता हो। अभी उन्हें सत्ता संभाले डेढ़ ही साल हुआ है। इस घटना की प्रधानमंत्री गुजराल व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला सहित सभी नेताओं ने भर्त्सना की है। यहां तक कि उग्रवादी संगठनों के नेताओं ने भी आंसू बहाए हैं। लेकिन इसका कोई मतलब नहीं है। इसमें कोई शक नहीं है कि यह काम पाकिस्तानी इशारों पर हुआ है और पाकिस्तान समर्थित भाड़े के सैनिकों ने यह कुत्सित कार्य किया है। अभी कुछ ही दिन पहले ढाका शिखर सम्मेलन के बाद पाकिस्तानी सूचना मंत्री मुशाहिद हुसेन ने कहा था कि उनका देश कश्मीरी उग्रवादियों को मदद देता रहेगा। यह तब कहा गया, जब इधर ढाका में प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भारतीय प्रधानमंत्री के साथ यह सहमति जाहिर कर रहे थे कि दोनों देश अपनी सचिव स्तरीय वार्ता को फिर से शुरू करें। मुशाहिद हुसेन ने यह भी कहा कि पाकिस्तान हुर्रियत कांफ्रेंस द्वारा चुनाव बहिष्कार का समर्थन करता है। पाकिस्तान की यह सब फूँफाँ तब है जबकि उसके एक आतंकवादी संगठन हरकत उल अंसार को अमेरिका की तरफ से प्रतिबंधित संगठन घोषित किया जा चुका है, पाकिस्तान नहीं चाहता कि किसी भी कीमत पर कश्मीर में चुनाव हों। वह अमनपसंद कश्मीरी समाज में फूट डालने की हरसंभव कोशिश कर रहा है। एक संकेत यह भी निकलता है कि शायद भारत में भाजपा की सरकार आती देख वह बौखला उठा है, इसलिए अभी से हिंसा फैला रहा है हालांकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी यह साजिशाना हरकत बूमरैंग भी कर सकती है। फिर भी हमें अपने स्तर पर तो सतर्क हो ही जाना चाहिए। इसके साथ ही हमें पाकिस्तान के मंसूबे भी समझने चाहिए जो न केवल कश्मीर का प्रश्न जिलाए रखना चाहता है बल्कि हिंदू-मुसलमानों को लड़ाई के लिए उकसाना चाहता है। भारत को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से पाकिस्तान की इस हरकत की शिकायत भी करनी चाहिए।

—**नवभारत टाईम्स**

•

कश्मीर में आतंक की गूंज

कश्मीर घाटी में एक बार फिर आतंक की गूंज सुनाई पड़ने लगी है। बंदहामा गांव में आतंकवादियों ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 24 कश्मीरी पंडितों की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतकों में नौ महिलाएं तथा चार बच्चे भी शामिल हैं। इस नृशंस हत्या के लिए उग्रवादियों की जितनी भी निंदा की जाए, कम होगी। यूं तो राज्य में उग्रवादी हिंसा पिछले एक दशक से जारी है, किंतु अल्पसंख्यक कश्मीरी पंडितों के नरसंहार की अब तक की सबसे जघन्यतम और बड़ी घटना है। उग्रवादियों ने जिस तरह महिलाओं एवं बच्चों को भी अपनी गोली का शिकार बनाया, उससे जाहिर है कि उन्हें न तो मानवीय मूल्यों से कोई सरोकार है और न कोई उनका सैद्धांतिक आग्रह है। सिर्फ अपने कुत्सित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए ही उग्रवादियों ने ऐसी कायराना हरकत की है। यह ठीक है कि अभी तक किसी उग्रवादी संगठन ने इस जघन्य और बर्बर नरसंहार की जिम्मेदारी नहीं ली है, किंतु यह संदेह आधारहीन नहीं है कि इस कांड के पीछे भाड़े के विदेशी आतंकवादियों का हाथ है और कहने की आवश्यकता नहीं कि ये आतंकवादी पाक-परस्त ही हैं। पाकिस्तान कभी भी इस बात को बर्दाश्त नहीं कर सकता कि जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल हो। इस बर्बर और कायराना हरकत के पीछे भी यही साबित करने की उसकी मंशा है कि कश्मीर में स्थिति सामान्य नहीं है। यह हत्याकांड ऐसे समय में हुआ है जब 30 जनवरी को दिल्ली में द्वितीय विश्व कश्मीरी पंडित कांफ्रेंस होने जा रही है। इस हत्याकांड से सुरक्षा बंदोबस्त का दावा भी खोखला साबित होता है। यह कितनी हैरतअंगेज बात है कि आतंकवादी गणतंत्र दिवस समारोह के लिए किए गए सुरक्षा बंदोबस्तों की परवाह किए बिना श्रीनगर के करीबी इलाके में इतना बड़ा नरसंहार करने में सफल हो गए। राज्य और केंद्र सरकार को इस बात की खबर भी थी कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर आतंकवादी किसी बड़ी हिंसा को अंजाम दे सकते हैं, किंतु इसके बावजूद व्यापक सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया गया। गत वर्ष 23 मार्च को भी इसी प्रकार की एक अन्य घटना में पाक-परस्त आतंकवादियों ने संग्रामपुरा में सात कश्मीरी पंडितों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। कश्मीर में आतंकवाद के इतिहास में 24 लोगों की सामूहिक हत्या की इस घटना ने उन कश्मीरी विस्थापितों की वापसी पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है जो पिछले करीब आठ सालों से जम्मू तथा देश के अन्य भागों में पलायन की त्रासदी झेल रहे हैं। इस घटना के बाद शायद ही कोई कश्मीरी पंडित घाटी में लौटने के लिए राजी होगा। कहे बिना भी स्पष्ट है कि राज्य सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने में विफल रही है और इसीलिए फारूक अब्दुल्ला के प्रति कश्मीरी पंडितों के गुस्से को अनुचित नहीं कहा जा सकता। सुरक्षा व्यवस्था को और भी चौकस बनाए जाने की आवश्यकता है। राज्य और केंद्र

सरकार दोनों को इस दिशा में समुचित कदम उठाना चाहिए। सिर्फ कहने मात्र से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी नहीं हो सकती। यह ठोक उपायों द्वारा ही संभव हो सकता है। उग्रवादियों का यह कहना है कि 'हम बाबरी मस्जिद को शहीद करने का बदला ले रहे हैं' वास्तव में देश में हिंदू-मुसलमानों के बीच सांप्रदायिक नफरत पैदा करने का ही एक कुत्सित प्रयास नजर आता है। हिंदू और मुसलमानों के बीच नफरत फैलाकर पाकिस्तान अपना उल्लू सीधा करना चाहता है, किंतु उसे समझना चाहिए कि अपने इस कुत्सित उद्देश्य में न तो आज तक वह सफल हुआ है और न कभी हो सकता है। हमारे देश में सांप्रदायिक सौहार्द की जड़े इतनी कमजोर नहीं कि कोई भाड़े का आतंकवादी उसे उखाड़ सके। पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आई.एस.आई. ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर डा. फारूक अब्दुल्ला के विधानसभा क्षेत्र में रह रहे कश्मीरी हिंदुओं की सामूहिक हत्या सोची-समझी साजिश के तहत कराई है, क्योंकि उन्होंने घाटी में कश्मीरियत को फिर से स्थापित करने के लिए बड़े ढंग से तैयारी की थी।

—राष्ट्रीय सहारा

•

गणतंत्र दिवस की खुशियों पर तुषारापात

काफी देर से ऐसी खबरें आ रही थीं कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पाकिस्तान द्वारा प्रोत्साहित आतंकवादी देश में कहीं कोई जघन्य वारदात कर सकते हैं। इसके दृष्टिगत समस्त देश में, विशेष कर उत्तरी भारत में जम्मू-कश्मीर, पंजाब तथा दिल्ली में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी पिछले कुछ वर्षों से भारतीय गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस समारोहों व चुनाव के अवसर पर किसी न किसी प्रकार की गड़बड़ करने का प्रयास करते रहे हैं।

1996 में जम्मू में गणतंत्र दिवस समारोह में उग्रवादियों ने समारोह स्थल पर टाइम बम रखे थे जिसमें राज्यपाल तो बच गए थे लेकिन 16 से अधिक लोग हताहत हो गए थे। गत वर्ष आतंकवादियों ने मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की कारों के काफिले पर भी हमला करने का प्रयास किया था।

21 जनवरी को डोडा पुलिस ने सेना तथा राज्य पुलिस के कार्रवाई बल के सहयोग से प्रदेश में हाल ही में हुए राकेट हमलों व बम विस्फोटों के संबंध में हिजबुल मुजाहिदीन के 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया।

25 जनवरी की रात्री में श्रीनगर के गांव वनधामा में अज्ञात आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चला कर 4 कश्मीरी पंडित परिवारों के 23 सदस्यों की हत्या कर दी। हत्यारों ने इन परिवारों के 10 पुरुषों, 5 स्त्रियों तथा 2 बच्चों की उनके घरों से बाहर घसीट कर गोलियां मार कर हत्या कर दी। आतंकवादियों ने एक घर और एक पूजा स्थल को भी आग लगाई जिसमें 4 महिलाएं व 2 बच्चे मारे गए। यह गांव मुख्यमंत्री डाक्टर फारूक अब्दुल्ला सरकार के सत्तासीन होने के बाद आतंकवादियों द्वारा कश्मीरी पंडितों पर किया गया यह दूसरा बड़ा हमला है। गत वर्ष 22 मार्च को बड़गाम जिले के संग्रामपुरा क्षेत्र में आतंकवादियों ने कश्मीरी पंडित समुदाय के 7 सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी थी।

गंदरबल में ये कश्मीरी पंडित परिवार 1989 में कश्मीर घाटी में शुरू हुए आतंकवाद के दौर के उपरांत भी वहां के अन्य मुस्लिम समुदाय के साथ रह रहे थे तथा इस गांव में कभी भी कोई आतंकवादी घटना पहले नहीं हुई थी। वैसे तो गंदरबल क्षेत्र में पाकिस्तान द्वारा भेजे गए भाड़े के अफगान, सूडानी और मिस्री आतंकवादी घटना काफी संख्या में हैं तथा इस क्षेत्र में आए दिन सुरक्षा बलों तथा इन आतंकवादियों में मुठभेड़ होती रहती है लेकिन इसके बावजूद वनधामा गांव सुरक्षित बचा हुआ था, लेकिन पिछले कुछ समय से क्षेत्र में विदेशी आतंकवादियों की गतिविधियों को देखते हुए ग्रामीणों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की मांग करनी शुरू कर दी थी लेकिन इस ओर प्रशासन पूरी तरह से ध्यान नहीं दे पाया।

मुख्यमंत्री डाक्टर फारूक अब्दुल्ला तथा उनके अनेक मंत्रिगण कश्मीर से पलायन करके गए कश्मीरी पंडित तथा अन्य परिवारों से वापस आने के लिए आग्रह करते रहे हैं। यहां तक कि डाक्टर फारूक अब्दुल्ला भी अक्सर कहते हैं कि जब उनके अपने चुनाव क्षेत्र में कश्मीरी पंडित रह सकते हैं तो अन्यत्र स्थानों में क्यों नहीं। राज्य सरकार की घोषणाओं से ऐसा लग रहा था कि शायद धीरे-धीरे ऐसा वातावरण बन जाए कि लगभग 3 लाख कश्मीरी पंडित, जो आतंकवादी हिंसा व अपनी संपत्तियां जला दिए जाने के कारण पलायन करके इस समय जम्मू, दिल्ली के शरणार्थी शिविरों में रह रहे हैं, वे वापस घाटी में लौट आएंगे।

पूर्व आतंकवादी नेता तथा राष्ट्र की मुख्यधारा में लौटे अवामी लीग के नेता कूका परे भी पलायनकर्त्ता परिवारों से वापस आने का आग्रह करते रहे हैं। हुर्रियत कांफ्रैंस के नेतागण भी दबी जुबान में इन परिवारों को कश्मीर वापस आने के लिए कहते रहे हैं। लेकिन गंदरबल हत्याकांड के उपरांत तो अब इन पलायनकर्त्ताओं का वापिस जाना मुश्किल लग रहा है।

—पंजाब केसरी

नृशंस हत्याओं पर देश भर में रोष

नरसंहार पर विश्व हिन्दू परिषद का खेद

गणतंत्र दिवस पर कश्मीर में, राजधानी श्रीनगर के निकट के ही एक गांव में उग्रवादियों द्वारा, तथाकथित धर्म-निरपेक्ष भारत सरकार को, वहां पर अल्पसंख्यक समाज को गोलियों से मौत के घाट उतार कर, एक उपहार दिया गया, और वहां की राज्य सरकार उनकी सुरक्षा का समुचित प्रबंध करने में असफल रही। जो अल्पसंख्यक परिवार कश्मीर में थोड़े-बहुत बचे हैं, जब उनकी ही सुरक्षा कर पाने में वहां की राज्य सरकार सक्षम नहीं है तो फिर वे किस मुंह से विस्थापित पंडित परिवारों को वापस आने की बात कह रहे हैं? उनकी सुरक्षा का वे पूरा प्रबंध करेंगे, यह केवल खोखला दिखावापन है। मानवाधिकार वाली संस्थाएं, जो सुरक्षा बलों को बराबर कोसती रहती हैं और उनका मनोबल गिराती हैं, को इस विषय पर क्या कहना है? हिन्दुओं को इस गंभीर स्थिति का सही आकलन कर अपने अधिकारों के प्रयोग के विषय में सोचना चाहिए।

कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा-पत्र में अयोध्या में विवादित ढांचा गिर जाने के लिए भारत के अल्पसंख्यकों से क्षमा मांगी है। ढांचा गिरने के पश्चात उनकी ही सरकार के प्रधानमंत्री श्री नरसिंहराव ने लालकिले से यह घोषणा की थी कि उसी स्थान पर एक बाबरी मस्जिद का निर्माण किया जाएगा। अपने चुनावी घोषणा-पत्र में कांग्रेस द्वारा अपनी ही सरकार के प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया आश्वासन क्यों नहीं दोहराया गया?

श्रीमती सोनिया गांधी ने वर्ष 1984 में सिख समुदाय की बर्बर हत्याओं तथा अमृतसर में स्वर्ण मंदिर पर हुए हमले के लिए खेद प्रकट किया है। अयोध्या में गिरे ढांचे के लिए क्षमा याचना और सिख समुदाय की बर्बर हत्याओं के लिए केवल खेद—यह दोहरा मापदंड क्यों?

हिन्दुओं को चाहिए कि जात-पात का भेद भुलाकर उन पर हुए और हो रहे अत्याचारों को वे अनदेखा न करें। अगर समय रहते हिन्दू समाज नहीं चेता तो फिर केवल पश्चाताप ही हाथ लगेगा।

विष्णु हरि डालमिया
अध्यक्ष, विश्व हिन्दू परिषद

●

नृशंस हत्या पर हिन्दू महासभा द्वारा रोष व्यक्त फारुक सरकार को भंग करने की मांग

अखिल भारत हिन्दू महासभा ने गणतंत्र दिवस की पूर्व रात्रि में श्रीनगर (कश्मीर) के पास बंदहामा ग्राम के 23 हिन्दुओं (कश्मीरी पंडितों) की नृशंस हत्या पर गहरा दुःख एवं रोष व्यक्त करते हुए केन्द्र सरकार से संपूर्ण जम्मू कश्मीर को सेना के हवाले करने की मांग की है। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश चन्द्र त्यागी तथा महामंत्री डा. मदन लाल गोयल ने एक संयुक्त वक्तव्य में फारुख अब्दुल्ला सरकार को तुरंत बर्खास्त करने की प्रबल मांग करने के साथ ही पाकिस्तान को शत्रु देश घोषित करने की भी मांग की है। हिन्दू महासभा के केन्द्रीय कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने शोक-श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हिन्दू महासभा की ओर से मृतकों की आत्मा की शांति तथा पीड़ित परिवारों को सांत्वना देने हेतु प्रभु से प्रार्थना की तथा दो मिनट का मौन रखा।

केन्द्र व प्रदेश सरकार के निकम्मेपन की तीव्र भर्त्सना करते हुए हिन्दू महासभा ने हिन्दुओं को सावधान किया है कि उन्हें अपनी रक्षा के लिए स्वयं ही देशव्यापी प्रबंध करना होगा क्योंकि जो स्वयं अपनी रक्षा करते हैं भगवान भी उन्हीं की सहायता करते हैं।

आतंकवादियों द्वारा इस भीषण हत्याकांड में एक वर्ष के बच्चे को 18 गोलियों से भून डालना, महिलाओं और बच्चों को जिन्दा जला डालना, मंदिरों को आग लगा देना तथा लाशों को खींचकर घरों से बाहर डालकर धारदार हथियार से काट डालना जिस मजहब में सिखाया जाता है वह मानव जाति के लिए अभिशाप है।

मानव अधिकारों की दुहाई देने वाले संगठन ऐसे अवसरों पर चुप्पी साधे रहते हैं जब कि आतंकवादियों के पक्ष में सेना व पुलिस के विरुद्ध अभियान एवं अभियोग चलाने में ये संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय रहते हैं।

हिन्दू महासभा ने जम्मू कश्मीर में लोकसभा चुनाव स्थगित करने, प्रदेश सरकार को भंग करने, सेना को पूर्ण अधिकारों के साथ सारा कश्मीर सौंपने, संपूर्ण भारत-

पाकिस्तान सीमा पर सेवानिवृत्त सैनिकों को बसाने तथा धारा 370 समाप्त करने की मांगों के साथ जम्मू कश्मीर के हिन्दुओं की जानमाल की गारंटी देने की केन्द्र सरकार से प्रबल मांग की है। **अखिल भारत हिन्दू महासभा**

•

आपकी आंतरिक पीड़ा में सम्मिलित

आपकी शोभायुक्त मासिक पत्रिका 'कोशुर समाचार' दिसम्बर, 1997 का अंक मेरे हाथ में है जो कि मैंने किसी सज्जन पुरुष से लेकर पढ़ा है। आर्य समाज आपकी आंतरिक पीड़ा में सम्मिलित है।

आर्य समाज की यह शिरोमणी सभा साप्ताहिक पत्र 'आर्य जगत' प्रकाशित करती है। पत्र के दिनांक 18-1-98 के अंक में गुरु गोविन्द सिंह साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लिखा है कि मुगल सम्राट की यातनाओं से परेशान होकर हमारे पूर्वज कश्मीर निवासी गुरु तेगबहादुर साहब के सामने अपनी वेदना लेकर आए तो बाल्यावस्था में गुरु गोविन्द सिंह साहब ने अपने पिता को प्रेरणा की कि आप अपना जीवन दान करके भी उस दु:खद स्थिति में इन धर्म परायण कश्मीर निवासियों की सहायता कीजिए। जिस पर गुरु तेगबहादुर साहब ने अपने प्यारे शिष्यों भाई मती दास एवं भाई सतीदास सहित अपना बलिदान दिया। जहां आज उनकी पावन स्मृति में गुरुद्वारा शीशगंज चांदनी चौक में स्थित है। इस अंक की एक प्रति आपकी सेवा में भेज रहा हूं।

भारतवर्ष की स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती समारोह वर्ष में आर्य समाज जब आपकी पीड़ा का मूल्यांकन करता है तो हमें यह सोचने पर मजबूर होना पड़ता है कि देश का शासन प्रशासन धर्मान्धता जुनून की मानसिकता से लोहा लेने में असमर्थ है। जिस देश के लाखों देश वासी वैदिक संस्कृति के वारिस आर्यावृत में ही पीड़ित और विस्थापित हों उस देश के कर्णधारों की अंतरात्मा में प्रकाश और विवेक उत्पन्न करने के लिए महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के अनुयायियों को आंदोलन की राह अपनाने पर विवश होना होगा।

आपको अपने घरों में वापस ले जाकर बसाने के आश्वासन अभी तक केन्द्रीय सरकार और प्रांतीय सरकार के साकार नहीं हुए हैं और न ही आप द्वारा दर्ज कराई गई सहस्त्रों एफ.आई.आर. पर वहां की पुलिस ने कोई कार्यवाही की है और विस्थापित हुए परिवारों की क्षति भरपाई भी नहीं हुई है। आपके बच्चों की शिक्षा और रोजगार भी संकट में पड़ा रहता है।

हम अपने साप्ताहिक पत्र आर्य्र जगत् में आपसे प्राप्त हुई वस्तुस्थिति प्रकाशित कर समस्त आर्य जनों के समक्ष प्रस्तुत करके देश भक्त, देशवासियों का मत आपके हित में तैयार करना चाहते हैं। अत: आपसे विनम्र प्रार्थना है कि आप 'कोशुर समाचार' की एक प्रति हमें प्रति माह भिजवाया करें। **आप चाहें तो इस सभा को अपना ग्राहक बना सकते हैं।**

इसके अतिरिक्त आपके पुन: अपने घरों में सादर सुरक्षित बसाने के कार्यक्रम में जो प्रगति हो उसकी स्थिति से हमें अवगत कराते रहें। आपकी अति कृपा होगी।

इस सर्दी के मौसम में यदि आपको अपने भाइयों की सहायता के लिए दवाई, वस्त्र, कम्बल आदि की आवश्यकता हो तो हमें सूचित करें।

हम आप सबकी कुशलक्षेम की मंगलकामना करते हैं।

सधन्यावाद। भवदीय

हरवंशलाल कपूर

मंत्री, आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली

•

पशुता भी लज्जा से पानी-पानी हुई

वंधहामा—कश्मीर में 23 निर्दोष कश्मीरी पंडितों की हत्या की जो दर्दनाक घटना हुई है उससे निर्दयता व निर्ममता स्वयं कांप उठी, पशुता लज्जा से पानी-पानी हुई और असुरों की आत्मा हाहाकार कर उठी है, परंतु ऐसी बरर्बतापूर्ण घटना के घट जाने के पश्चात भी प्रशासन या सरकार केवल औपचारिक शोक प्रकट करने के अतिरिक्त न कुछ कर सकी है न कुछ करने की मनोस्थिति में दिखाई दे रही है।

ऐसे में कौन है, जो सुनेगा हमारी बात
कौन सी ऐसी सत्ता है, जो हमारे कष्टों
का निवारण एवं राक्षसी प्रवृत्ति
का नाश करेगी और ऐसा कौन
सहारा है, जिससे लौटेगी वास्तविक
शांति घाटी में विषाद-पूर्ण जगत
में अंधकारमय वातावरण में यदि
कोई सहारा है या आशा की कोई
किरण विद्यमान है तो वह
देवादिदेव महादेव की सत्ता है।

कल्याणकारी व कालसंहारी बम-बम भोले नाथ, पुण्यसलिल गंगा को जटाओं में धारण करने वाले बम-बम शिव आशुतोष हैं। अत: जिस पर उनकी कृपा होगी उसका कल्याण होना तो तय है ही। भक्तवत्सल भगवान शिव शंकर को प्रसन्न करने के लिए शिवरात्रि से पावन दिन और कौन सा होगा? इसी को ध्यान में रखकर जम्मू-कश्मीर विचार मंच ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामूहिक शिवरात्रि कार्यक्रम का हिन्दू महासभा भवन में आयोजन किया।

साधु महात्माओं व समाज सेवकों द्वारा शिवरात्रि का महातम्य, शिवमहिमा व शिव भजन कार्यक्रम के विशेष आकर्षण थे।

जय शारदे मां! जय भारत!

त्रिलोकी नाथ राजदान
अध्यक्ष,
जम्मू कश्मीर विचार, नई दिल्ली

•

घाटी में नरसंहार के विरोध में लखनऊ के कश्मीरियों का प्रदर्शन

वंदहामा गांदरबल, श्रीनगर कश्मीर में आतंकियों द्वारा 23 कश्मीरी पंडितों की हत्या के विरोध में कश्मीरी एसोसियेशन, लखनऊ एवं लखनऊ के कश्मीरी पंडितों ने इस नरसंहार के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके साथ अन्य संगठनों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कश्मीरी एसोसियेशन लखनऊ के महामंत्री जे.एल. रैना, अध्यक्ष डा. बी.एन. शारगा, के.एन. बक्शी, श्री सी.एल. गंजू ने एक ज्ञापन श्री अटल बिहारी वाजपेयी को दिया। श्री वाजपेयी ने हत्या पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आज उन्हें अपने ही देश में शरणार्थी बना दिया गया, उन्होंने कहा कि वे इस दुखद हत्याकांड के बारे में प्रधानमंत्री से बात करेंगे। उन्होंने प्रतिनिधियों को अश्वासन दिया कि यदि केन्द्र में उनकी सरकार आई तो यह समस्या हल करेगी।

जे.एल. रैना
महामंत्री,
कश्मीरी एसोसिएशन, लखनऊ

•

वोंद हामा नरसंहार

दिनांक 27.1.98 को कश्मीरी विस्थापित कर्मचारियों की एक विशेष सभा गांधी पार्क देहरादून में दिन के 11 बजे आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने एक दिन का सामूहिक आकस्मिक अवकाश लेकर श्रीनगर कश्मीर में 23 कश्मीरी पंडितों के नर-संहार पर शोक व्यक्त किया। बैठक में यह निष्कर्ष निकाला गया कि राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार कश्मीरी पंडितों की जान-माल की सुरक्षा प्रदान करने में पूरी तरह से विफल रही। 23 कश्मीरी पंडितों की निर्मम हत्याकांड तथा पूजास्थल को जलाने के पश्चात आतंकवादियों ने एक बार फिर सिद्ध किया कि वह किसी भी समय अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय पर कभी भी सामूहिक नरसंहार कर सकते हैं। राज्य के मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला और राज्यपाल के.वी. कृष्णराव सरकार सदा अल्पसंख्यक समुदाय को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रही। इस जघन्य हत्याकांड को देखकर राज्य के मुख्यमंत्री को तुरंत नैतिक आधार पर अपना त्यागपत्र देना चाहिए। इस हत्याकांड में मारे गए लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए। इस घटना से स्पष्ट हो गया है कि सरकार कश्मीरी पंडितों के वापस आने के खोखले आश्वासन दे रही है जबकि हकीकत यह है कि कश्मीर में हिन्दुओं की सुरक्षा का कोई भी पुखता इंतजाम नहीं किया गया। देश के जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों की चुप्पी तुष्टीकरण के भाव को स्पष्ट कर रही है। अभी तक इस मामले में कोई सार्थक कदम नहीं उठाए गए। देश के विभिन्न भागों में बसे कश्मीरी पंडितों में रोष व्याप्त है। वे आज भी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। गणतंत्र दिवस पर हुए इस हत्याकांड ने सरकार की सुरक्षा मशीनरी को कटघरे में खड़ा कर दिया।

जवाहर लाल मोज़ा
सचिव
ऑल डिस्प्लेसड कश्मीरी पंडित एम्पलाईज फोरम, देहरादून

•

कश्मीरी समाज, मेरठ

कश्मीरी समाज, मेरठ की एक बैठक श्री पुष्कर नाथ गारू की अध्यक्षता में 30-1-98 को सम्पन्न हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव पारित किया गया।

"कश्मीरी समाज, मेरठ 25 जनवरी, 1998 की रात को गांधरबल के पास 23 मासूम कश्मीरी पंडितों की हुई निर्मम एवं बर्बरतापूर्वक हत्याओं की कड़ी शब्दों में निन्दा करती है और केन्द्र व राज्य सरकारों से मांग करती है कि मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख का मुआवजा दिया जाए। कश्मीर घाटी में इस समय रह रहे कश्मीरी पंडितों के परिवारों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए।"

मृतकों की आत्मा की शांति के लिए सभा में उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा। तत्पश्चात सभा विसर्जित हो गई।

महेश शर्मा
सचिव, कश्मीरी समाज, मेरठ

•

नर संहार की भर्त्सना

हैदराबाद कश्मीरी हिन्दू समाज द्वारा घाटी में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर किए गए 23 निर्दोष कश्मीरी पंडितों की नृशंस हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। दिनांक 28 जनवरी, 1998 को बिरादरी की सभा में मारे गए पंडितों की आत्माओं के लिए शांति प्रार्थना की गई। वोंद हामा गांव के नरसंहार में बचे एक मात्र बालक विनोद कुमार के सुखी एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए सरकार से अनुरोध किया गया कि घाटी में अभी भी रहने वाले बचे-खुचे कश्मीरी हिन्दू समाज की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

अध्यक्ष, कश्मीरी पंडित बरादरी, हैदराबाद

•

इंदौर में हत्या के विरोध में प्रदर्शन

कश्मीर के गांदरबल हत्याकांड के विरोध में दिनांक 31 जनवरी 98 को सायं 7.30 बजे स्थानीय पाटनीपुरा चौक पर अखिल भारत हिंदू महासभा एवं विश्व हिंदू महासभा एवं विश्व हिंदू परिषद की स्थानीय इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में कश्मीर प्रशासन के मुखिया डा. फारूख अब्दुल्ला का पुतला दहन किया गया। इसमें नगर हिंदू महासभा के मंत्री मनोहर लाल अरोड़ा, नरेंद्र सिसोदिया एवं पंडित पवन त्रिपाठी, विहिप के राजेन्द्र श्रीवास्तव सोनू जैन, भगवान सिंह बुंदेला, एम.एस. आचार्य तथा कश्मीरी समिति के अनेक स्वयंसेवक उपस्थित थे।

श्री अरोड़ा के सुझाव पर ही सोमवार 2 फरवरी को दोपहर तीन बजे उक्त हत्याकांड के विरोध में कश्मीरी समिति (गैर राजनीतिक संगठन) के तत्वावधान में जुलूस निकाल कर राष्ट्रपति के नाम संभागायुक्त इकबाल अहमद इकबाल को ज्ञापन दिया गया।

कश्मीरी समिति के तत्वावधान में स्थानीय लगभग 50 परिवारों के सभी स्त्री-पुरुषों ने पाटनीपुरा चौराहे से संभागायुक्त कार्यालय तक (लगभग 5 किलोमीटर) जुलूस निकाला। ज्ञापन में कहा गया है कि कश्मीरी पंडितों की हत्या से ये सिद्ध हो गया है कि घाटी में हिंदुओं का जीवन अभी भी सुरक्षित नहीं है और स्थिति सरकार के नियंत्रण से बाहर है। प्राय: सभी राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने कश्मीरी विस्थापित हिंदुओं को घाटी में लौटने की सलाह दी है, परंतु घाटी की परिस्थितियां उनके सम्मानपूर्ण जीवन के अनुकूल हों इसके लिए वे क्या कदम उठा रहे हैं, किसी ने नहीं बतलाया।

स्थानीय कश्मीरी समिति की अध्यक्षा श्रीमती शांता कौल ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में तीसरी बार निर्दोष हिंदुओं की हत्या की घटना ने केंद्र व राज्य सरकार के प्रति विश्वास को डिगा दिया है। सरकार कश्मीरी हिंदुओं की सुरक्षा की पहल करे तथा घाटी छोड़ चुके हिंदुओं को आंतरिक विस्थापित घोषित करे।

मनोहर लाल अरोड़ा

•

फारूक साहब! निहत्थों पर लाठी चार्ज का शुक्रिया

काश्मीर में जब भी अल्पसंख्यक हिंदुओं का सामूहिक नरसंहार होता है (औसतन वर्ष में तीन बार), फारूक साहब आप अपनी जिम्मेदारी सीमा पार उछाल देते हैं। जबकि सच यह है कि इन घटनाक्रमों के पीछे जितना हाथ पाकिस्तान का रहता है, आपकी फितनागरी उससे कुछ कम नहीं रहती।

जम्मू काश्मीर की सत्ता संभालने से लेकर आज तक आप हर प्लेटफार्म से बार-बार इस बात को दोहराते रहे हैं कि आपकी सरकार की प्राथमिकता काश्मीरी हिंदुओं को बाइज़्ज़त व बाहिफाज़त घाटी में वापस ले जाने की है। लेकिन आपकी सरकार का हर काम इस बात का गवाह है

कि काश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी की बातें महज़ ड्रामा हैं। जो सिर्फ इसलिए किया जाता है कि विस्थापितों को आबाद करने के नाम पर दिल्ली से अधिक से अधिक रुपया एंठा जा सके। आइने की तरह साफ डबलक्रास गेम। जिसका एक पक्ष दिल्ली को ब्लैकमेल करना और दूसरा पक्ष ऐसे उपाय करना कि काश्मीरी पंडित घाटी में वापस जाने की बात सोचना ही छोड़ दें। ताकि अब्दुल्लाह खानदान का काश्मीर को विशुद्ध मुस्लिम स्टेट बनाने का सपना पूरा हो।

संग्रामपुरा और गूल के बाद बंधामा हत्याकांड इन्हीं साजिशों की एक और कड़ी है। आज तीन फरवरी 1998 के दिन जब दस हजार के आसपास काश्मीरी विस्थापित, तेईस दिवंगत आत्माओं का दसवां मनाने राजेन्द्र पार्क जम्मू में एकत्रित हुए तो कोई भी ऐसा कारण नहीं था जिसकी बुनियाद पर पूरा राजेन्द्र पार्क पुलिस के घेरे में रखा जाए। नेताओं ने स्पष्ट रूप से एलान किया था कि आंदोलन शांतिपूर्वक जेल भरो स्वरूप में होगा। लेकिन बिना किसी उकसाने के वहशियाना तरीके से लाठियों और टियर गैस की बौछार की गई। चुन-चुन कर नेताओं को मार की ज़द में लाया गया। ऐसा लग रहा था कि पंडित अमरनाथ वैष्णवी और डाक्टर अग्निशेखर को जान से मार डालने का सरकारी मन्सूबा अमल में लाया जा रहा है। पुलिस में भर्ती उग्रवादी अपनी तरफ से कोई कसर बाकी नहीं रहने देना चाहते थे। बूढ़ों व बीमारों तक को नहीं छोड़ा। ऐसा लग रहा था जैसे जलियांवाला बाग में जनरल डायर इतिहास को दोहराने में जुट गया हो।

फ़ारूक साहब यह बहादुरी अगर उन हत्यारों पर दिखाते जिन्होंने संग्रामपुरा गूल और बंधामा में भूखे भेडियों को भी पीछे छोड़ दिया तो आपको सेक्यूलर होने की बात समझ में आती जिसका आप दिन रात दावा करते रहते हैं। लेकिन निहत्थे बेकसूर और आप ही के चुनावी क्षेत्र बंधामा हत्याकांड का मातम मना रहे लोगों पर अकारण लाठियां गोलियां चलवा कर किस बहादुरी का सबूत दे रहे हैं? यह लाठियां गोलियां आपकी बदहवासी और बौखलाहट को शर्मनाक तरीके से नंगा कर चुकी हैं।

यह बदहवासी और बौखलाहट शायद इसलिए है कि आप जान चुके हैं कि जो काले मंसूबे आपके दिल में पल रहे हैं, काश्मीरी पंडित उन मंसूबों को पूरा नहीं होने देंगे। शायद आपको यह सच भी समझ में आ रहा है कि जल्दी ही घाटी दो हिस्सों में बंटने वाली है, जिसमें एक हिस्सा काश्मीरी पंडितों का होमलैंड होगा जहां कम से कम आपकी हकूमत नहीं होगी। समझदार को इशारा काफी बेवकूफों के दिमागों में बात ठोक कर भी नहीं भरी जा सकती।

फिर भी निहत्थों पर आपकी सरकार के लाठीचार्ज का शुक्रिया कि बढ़ चले हम मंज़िल की तरफ एक कदम और।

श्याम बिहारी सागर
गली नं. पी एच/एन 364, दुर्गा नगर, जम्मू

विस्थापित छात्रों के लिए आवश्यक सूचना

कश्मीरी विस्थापित 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि मध्य प्रदेश शासन ने भी पी.ई.टी. के 1977 के नियमों में कश्मीरी विद्यार्थियों को अन्य आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों की तरह प्रत्येक इंजीनियरिंग कालेजों में आरक्षण का प्रावधान किया है। अतः पात्रता रखने वाले विद्यार्थी समय पर फार्म आदि भरें।

इस विषय में किसी भी जानकारी के लिए महामंत्री, जम्मू कश्मीर संगम 14, पंडित पंत मार्ग, नई दिल्ली से सम्पर्क करें।

ओमकार नाथ शास्त्री
महामंत्री, जम्मू-कश्मीर संगम

कश्मीर : फिर हिन्दुओं की हत्या

—तरुण विजय
संपादक 'पाञ्चजन्य'

कायर नामर्दों ने जब
उनके कांपते थरथराते
कमजोर जिस्मों पर तानी थीं राइफलें
वे तकते रहे थे बाएं दाएं हरिणों की नाई
सोचा था कि शायद
'इस्लामी जिहाद' के 'बहादुरों' को
निहत्थों पर गोलियां चलाने से पहले
याद आ जाए हिन्दुस्थान का नमक, पानी, हवा या
कि शायद घोड़ा दबने से पहले
आ जाएंगी दिल्ली के बादशाह की कुमुक
बच जाएंगे वे... आखिर कसूर क्या है उनका?
धायं धायं धायं... गोलियां चलीं
छा गया सन्नाटा
दिल्ली का बादशाह व्यस्त है, चुनावों का शोर है
अरे मूर्खों रोओ मत
इस देश में तुम्हारा रुदन बन जाता है मजाक
मरा होता कोई वोट बैंक का दलाल
तो भागे दौड़े चले आते
वे सब... पर तुम?
तुम न वोट हो, न चोट हो
सिर्फ इन्सान होने से क्या होता है?
पढ़ते नहीं हो अखबारों में सफलताओं के दावे
गुजराल सिद्धांत के?
दोस्त है पाकिस्तान
दोस्त बनाएंगे 'गुमराह' बंदूकबाजों को
कबूतर उड़ाएंगे
डल के खून भरे पानी में तैरते शिकारों से
देखो हो गए चुनाव, लोकतंत्र जीता
हिंदुओं को घाटी से निकाला तो क्या?
लोकतंत्र जिन्दा है पंडितों की लाशों पर
किसी को तो बलिदान देना ही पड़ता है आखिर
लौट जाओ हिन्दुओ घाटी से
दफा हो जाओ फटे तम्बुओं में
हमें गुजराल सिद्धांत बचाना है
लोकतंत्र जिलाना है
तुम डरो या मरो,
शक्ल मत दिखाओ अपनी मनहूस
अरे कायरों, रोने वालों को मिलते हैं सिर्फ आंसू
बंदूकबाज खाते हैं डिनर हुक्कामों के साथ
माफ करना अभी नहीं आ सकते तुम्हारे पास
हम व्यस्त हैं चुनावों में
इटली से संबंध सुधारने में
ताकि भगवा 'नामुराद' न छा जाए भारत पर
हमारे वोट खतरे में हैं
उन्हें पहले बटोर लें, बचा लें
तब वक्त मिला तो आएंगे तुम्हारा हाल पूछने
उम्मीद है तब तक तुमने फटे फिरन सीकर
वोट पेटी में डाल दिया होगा
अपने भाई, बाप, बेटे, मां की लाशों पर
लोकतंत्र का अट्टहास बचा लिया होगा।



सामयिकी

घाटी में नरसंहार के पीछे सुरक्षा तंत्र की लापरवाही

कश्मीर घाटी में आतंकवादी एक तीर से दो शिकार करना चाहते हैं। निर्दोष कश्मीरी पंडितों की हत्या करके वे एक ओर तो सांप्रदायिक दंगा भड़काना चाहते हैं, दूसरी ओर सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। पूर्व *मेजर जनरल अफसर करीम* का कहना है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने का सही वक्त यही है।

कश्मीर घाटी के वंधामा गांव में बेगुनाह 23 कश्मीरी पंडितों की बर्बरतापूर्वक हत्या के कारण समूचे देश में शोक व क्रोध की लहर फैल गई है। ज्ञातव्य है कि गत 25 जनवरी की रात को आतंकवादियों ने कश्मीर घाटी के इस गांव में हत्याकांड किया था। यह हत्या उस समय की गई जब गांव की मुस्लिम जनता हत्या वाली रात को 'शाब-ए-कदर' का त्योहार मना रही थी, और इसके लिए विशेष प्रार्थना करने में लगी हुई थी। चूंकि आतंकियों ने हत्या के लिए ऐसा समय चुना था इसलिए गांव के लोगों में भारी आक्रोश है। **लेकिन जिस तरह से आतंकवादी हत्या करने में सफल हुए और फिर वापस चले गए, वह राज्य के सुरक्षातंत्र की भारी विफलता ही कही जाएंगी। यह एक अक्षम्य अपराध है जिसे राज्य सरकार को स्वीकार करना होगा। नागरिक सुरक्षा व्यवस्था की खामियों के साथ ही सेना के साथ इनके व्यापक सहयोग की कमी इस हत्या के मूल कारणों में देखी जा सकती है। सेना का कैंप इस गांव से हटा कर नागरिक शासन बहाल करने की गरज से पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों को सौंप दिया गया था ताकि स्थिति का जायजा लिया जा सके तो भी चौकसी बरतनी चाहिए थी। इसलिए राज्य सरकार के मुख्यमंत्री डा. फारूख अब्दुल्ला को दोष देना सही है। जाहिर है कि केंद्र सरकार व सेना ने डा. अब्दुल्ला को घटना के लिए दोषी ठहराया है। सबसे बड़े दुख की बात तो यह है कि जिन आतंकियों ने घाटी में यह दुखद हत्याकांड किया है, उनके कश्मीर में राजनीतिक संबंध हैं।** इस हत्याकांड की घटना के बाद अब पछताने का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा, अगर आतंकियों को घाटी से खदेड़ देने की त्वरित कार्रवाई नहीं की जाती है। इसके अलावा इस बात की भी पूरी संभावना बनी रहेगी कि एक बार के बाद वे दूसरी बार फिर इसी तरह की घटना को दोहराने की कोशिश कर सकते हैं। अब तो घाटी में आतंकियों के समर्थकों को भी नहीं छोड़ा जाना चाहिए। सुरक्षा सेनाओं को चाहिए कि वे आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखने वालों को भी पकड़े ताकि इनके समर्थकों को हतोत्साहित किया जा सके। ध्यान रखने की बात है कि जब तक आतंकियों को जनता के एक वर्ग का समर्थन मिलता रहेगा तब तक इनकी गतिविधियों को नियंत्रित करना आसान नहीं होगा।

इस घटना के बाद चारों तरफ बंद व प्रदर्शन तथा रैलियां निकाली जाना इस बात के प्रमाण हैं कि अपने आप जनता का क्रोध सरकार, पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के विरुद्ध भड़क गया है। जो लोग आतंकियों से नागरिकों की रक्षा के लिए तैनात किए गए हैं वे लोग अपने कर्त्तव्यों को पालन ठीक तरह से नहीं कर रहे हैं। यदि केंद्रीय सरकार व हमारी सुरक्षा सेनाएं तथा एजेंसियां मिलकर आतंकवादियों का मुकाबला नहीं कर पाएंगी और केवल मूकदर्शक होकर देखती रहेंगी तो आने वाले दिनों में कश्मीर घाटी में आतंकवादी हिंसा की बाढ़ आ सकती है। यदि सरकार सीमाओं पर व सीमाओं के बाहर फैले हुए आई.एस.आई. के नेटवर्क को छिन्न-भिन्न करने में विफल रहती है तो इसका भी खामियाजा देश को भुगतना पड़ सकता है और अपराधों की वृद्धि को फिर नहीं रोका जा सकता है। इसका ज्वलंत प्रमाण यह है कि घाटी में यह तीसरी बार कश्मीरी पंडितों की हत्या हुई है और सरकार पहले की भांति मूकदर्शक बनकर देखती रह गई है। इस बार यह अच्छा अवसर है कि भारत पाकिस्तान के अंदर व बाहर पाक अधिकृत कश्मीर में स्थानीय जनता की पहचान को लेकर आक्रामक रुख अख्तियार करे ताकि कश्मीर घाटी से आतंकवादियों का सफाया करने में कामयाबी मिल सके।

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला यदि बयानबाजी छोड़कर कुछ करना चाहें तो बहुत कुछ कर सकते हैं। केवल राष्ट्र संघ चार्टर की दुहाई देने व हत्या के पीछे पाकिस्तान का हाथ बता देने से अब काम चलने वाला नहीं है। इसका आतंकवादियों पर कोई असर नहीं होगा। लोकसभा के आगामी चुनाव व गणतंत्र दिवस के समारोहों को ध्यान में रख कर पहले से ही सतर्कता बरतनी चाहिए थी लेकिन ऐसा न किया जाना भी दुखद था। ठीक गणतंत्र दिवस समारोह के एक दिन पहले घाटी में हत्याकांड के

पीछे आई.एस.आई. एजेंटें की रणनीति यह जरूर रही होगी कि इस अवसर पर सुरक्षा जांच अवश्य ढीली रहेगी। उन्होंने इन्हीं कमजोरियों का फायदा उठाया है। कुछ भी हो आतंकवादियों का यह आक्रमण भारत के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप पर प्रतीकात्मक आक्रमण है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के भीतर सांप्रदायिक दंगे कराने की रणनीति के तहत किया गया है।

25 जनवरी की काली रात को चारों तरफ शांति का माहौल था। लेकिन इस शांति के माहौल में 25 आतंकवादी बंधामा गांव के 23 कश्मीरी हिंदुओं को गोलियों से भून डाला। इस कांड में केवल एक लड़का जिसका नाम विनोद कुमार है बच गया जबकि इसके परिवार के सभी लोग मारे गए। आतंकवादी हत्या करने के पहले इसके घर में घुसे और पीने के लिए चाय मांगी। आतंकी उस समय भी वायरलेस सेट पर अपने हेडक्वार्टर से बातें कर रहे थे। शायद वे अपने आकाओं के संदेश का इंतजार कर रहे थे। हत्या के पहले इन्होंने कश्मीरी पंडितों की ओर ध्यान से देखा कि कहीं ये मुसलमान अथवा हिंदू क्या हैं। पूरी तरह से इस बात के लिए संतुष्ट होने के बाद कि ये कश्मीरी पंडित हिंदू हैं, उन्होंने सबको गोलियों से छलनी कर दिया। विनोद कुमार के माता-पिता, भाई-बहनें सबको बर्बरतापूर्वक मौत के घाट उतार दिया गया। पड़ोस के मकान में भी घुसकर आतंकी, मोतीलाल, उनकी पत्नी और दो जवान बेटियों को मार गए। इनके लड़के और दामाद, विष्णु भट तथा उसकी पत्नी की भी निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या किए गए लोगों में एक बहुत कम उम्र का बच्चा भी था। ऐसा कहा जा रहा है कि मारे गए लोगों में एक डाक्टर भी था जो कभी-कभी डर के कारण इन आतंकियों की मदद व चिकित्सा भी किया करता था। लेकिन खून के प्यासे आतंकवादियों ने इस डाक्टर और इसके परिवार के लोगों को भी नहीं छोड़ा और इन्हें भी मौत के घाट उतार दिया। यह हत्याकांड राज्य के मुख्यमंत्री डा. फारूख अब्दुल्ला के चुनाव क्षेत्र में इसलिए किया गया कि उनके व्यक्तित्व पर कीचड़ा उछाला जा सके। शायद हत्या का समय भी वही चुना गया। घटना के कुछ ही दिन पहले डा. फारूख अब्दुल्ला पहली बार अपने चुनाव क्षेत्र का जायजा लेने गए थे।

इसलिए अब उन पर विशेष जिम्मेदारी आ गई है कि वे बिहार तथा देश के दूसरे राज्यों में चुनावी रैलियों में भाषण देने न जाकर खुद अपने गृह राज्य की ओर ध्यान दें। अब चाहे वे कितना बहाना क्यों न करें लेकिन यह उनकी व्यक्तिगत विफलता है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि आतंकवादी बड़े मजे से आए और हत्या करके आराम से चले गए जबकि रास्ते में भी उन्हें सुरक्षा बलों द्वारा ललकारा नहीं गया।

यह हमारे सुरक्षातंत्र व गुप्तचर एजेंसियों के लिए बेहद शमर की बात है। अभी आज तक कोई ऐसी व्यवस्था इन क्षेत्रों में करने में हमारी सुरक्षा एजेंसियां विफल रही हैं जिससे संभावित हमले की पूर्व घंटी बजाई जा सके अथवा संकेत भेजे जा सकें। यदि कस्बों व गांवों में ऐसी व्यवस्था होती तो खतरे के स्थान पर सेना पहुंच सकती थी। यह एक सर्वविदित बात है कि आई.एस.आई. व आतंकवादियों के लिए कश्मीरी पंडितों की हत्या काफी महत्व रखती है। इन निहत्थे हिंदुओं की हत्या से आतंकियों व पाक एजेंटों को दोहरा लाभ है। इसमें पहला तो यह है कि पूरे भारत में प्रतिक्रिया स्वरूप सांप्रदायिक दंगों का माहौल बनेगा और दूसरे फारूख अब्दुल्ला की चुनी हुई सरकार के प्रति अविशवस पैदा होगा। इसीलिए इस खतरनाक माहौल को नियंत्रित करने की जरूरत है। यही नहीं कार्रवाई तो उन एजेंसियों व उनके आकाओं के खिलाफ करने की जरूरत है जो इसके पीछे से सूत्रधार की तरह संचालन कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में जो लोग आतंकवादियों की मदद कर रहे हैं, उनके विरुद्ध भी कार्रवाई करने का सही वक्त यही है। अतीत में पाकिस्तान समर्थक आतंकवादियों ने कश्मीरी मुसलमानों को अपना समर्थक बना लिया था और आज इसी का परिणाम है कि इन्हें घाटी के मुसलमानों से समर्थन मिल रहा है। लेकिन इधर घाटी के मुसलमानों ने भी आतंकवादियों को समर्थन देना बंद कर दिया था जिससे खीझ कर इन्होंने हत्या की है ताकि सांप्रदायिकता को उभारा जा सके।

फिलहाल घाटी में आई.एस.आई. की योजना हिंदुओं को निशाना बनाने की है इसलिए मुसलमानों का कर्त्तव्य है कि वे हिंदुओं की रक्षा करें और राज्य सरकार को चाहिए कि वह जनता को इस मामले में इस तरह की मदद करे। सीमा पार से आने वाले हत्यारों को कश्मीर घाटी में कहीं भी छिपने की जगह नहीं मिलनी चाहिए।

भारत सरकार को भी पाकिस्तान को चेतावनी दे देनी चाहिए कि सीमापार के इस तरह के आक्रमण की शीघ्र ही प्रतिक्रिया हो सकती है। भारत को यह भी चाहिए कि कश्मीर घाटी में पाक समर्थित आतंकवाद की सारी जानकारी इकट्ठा करके विश्व समुदाय के सामने रखनी चाहिए। खासकर अमेरिका को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। यह जानकारी मीडिया व आधिकारिक तौर पर दी जानी चाहिए ताकि विश्व को पाकिस्तानी हरकतों का पता चल सके। ❑

(सौजन्य 'जागरण')

बेगुनाहों की रक्षा के लिए कश्मीर में प्रचार युद्ध की जरूरत

पिछले महीने कश्मीर घाटी में दो ऐसी आतंकवादी घटनाएं हुईं जिसमें 36 आदमियों को मौत के घाट उतार दिया गया था। मारे जाने वाले सभी बेकसूर गांववासी लोग थे। इन घटनाओं में पहली घटना गणतंत्र दिवस समारोह के एक दिन पूर्व घटित हुई थी जिसमें 26 कश्मीरी पंडित आतंकवादियों द्वारा बड़ी बेरहमी के साथ मौत के घाट उतार दिए गए थे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि जिन आतंकवादियों ने इस घृणित हत्याकांड के जरिए बेगुनाहों का खून बहाया था वे पाकिस्तान समर्थित किसी न किसी कट्टर इसलामी संगठन से संबंध रखते थे। ये कट्टरवादी आतंकी अल्जीरिया, अफगानिस्तान और अब पाकिस्तान में भी बेगुनाहों का कत्ल करने के लिए जाने पहचाने जाने लगे हैं। बहरहाल कश्मीर घाटी में बेगुनाहों को मौत का शिकार बनाना इसलामिक कट्टरवादी आतंकियों की भारत सरकार को एक गंभीर चेतावनी है। यह इस बात की ओर इशारा भी है कि आगत भविष्य में क्या होने वाला है?

उपरोक्त घटना के बाद कश्मीर घाटी में दूसरी घटना डोडा में घटित हुई जिसमें सेना की फायरिंग में कई गांववासी मारे गए थे। यह घटना भी एक तरह से दुर्भाग्यपूर्ण थी। यह घटना उस समय घटित हुई जब भारतीय सेना के जवान आतंकियों की धरपकड़ के लिए गांव वालों ने जवानों के हाथ से रायफल भी छीनने की कोशिश की गई तथा इस बात के लिए प्रयास किया गया कि पकड़े हुए आतंकियों को सेना के हाथ से छुड़ा लिया जाए। स्थानीय जनता व गांव वालों द्वारा उत्तेजित किए जाने पर सेना को गोली चलानीपड़ी। सैनिक सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि गांव वालों की आड़ लेकर आतंकियों ने सेना पर गोलीबारी शुरू कर दी थी जिसके जवाब में सेना को भी गोली चलानी पड़ी थी। इस तरह विदेशी भाड़े के सैनिकों तथा पाक प्रशिक्षित आतंकवादियों ने आम जनता का ध्यान रखे बगैर गोली चला कर घटना की शुरूआत की जिसमें कई गांव वालों को जान से हाथ धोना पड़ा। दरअसल इस तरह की

पिछले महीने कश्मीर घाटी में दो ऐसी आतंकवादी घटनाएं हुईं जिसमें 36 आदमियों को मौत के घाट उतार दिया गया था। मारे जाने वाले सभी बेकसूर गांववासी लोग थे। इन घटनाओं में पहली घटना गणतंत्र दिवस समारोह के एक दिन पूर्व घटित हुई थी जिसमें 26 कश्मीरी पंडित आतंकवादियों द्वारा बड़ी बेरहमी के साथ मौत के घाट उतार दिए गए थे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि जिन आतंकवादियों ने इस घृणित हत्याकांड के जरिए बेगुनाहों का खून बहाया था वे पाकिस्तान समर्थित किसी न किसी कट्टर इसलामी संगठन से संबंध रखते थे। ये कट्टरवादी आतंकी अल्जीरिया, अफगानिस्तान और अब पाकिस्तान में भी बेगुनाहों का कत्ल करने के लिए जाने पहचाने जाने लगे हैं। बहरहाल कश्मीर घाटी में बेगुनाहों को मौत का शिकार बनाना इसलामिक कट्टरवादी आतंकियों की भारत सरकार को एक गंभीर चेतावनी है। यह इस बात की ओर इशारा भी है कि आगत भविष्य में क्या होने वाला है? कश्मीर समस्या पर बात करते समय हमारे नेता यह भूल जाते हैं कि पाकिस्तान अधिकृत गुलाम कश्मीर भी हमारे जम्मू-कश्मीर का अविभाज्य अंग है। भारत, गुलाम कश्मीर के हालातों को दुनिया को बताकर पाकिस्तान के प्रचार युद्ध का जवाब दे सकता है। कहना है आदित्य भगत का।

घटनाएं भी पाकिस्तानी रणनीति की एक खूब सोची समझी चाल है ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण व कश्मीरी जनता की मौत से भारत तथा भारतीय सेना के प्रति लोगों में नफ़रत की भावना पैदा होगी। इन दोनों घटनाओं की देश के सभी राजनीतिक दलों ने निंदा की है और साथ ही साथ इनकी जांच के लिए कई संगठनों को कह दिया गया है। मानवाधिकार आयोग भी जांच पड़ताल में लग गया है और शीघ्र ही इसके परिणाम भी सामने आ जाएंगे। इससे यह भी पता चल जाएगा कि हिंसा के लिए कौन उत्तरदायी है अथवा कौन नहीं है। कश्मीर घाटी में बचे खुचे कश्मीरी पंडितों को वहां से हटाकर किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया जाएगा और जिन लोगों की हत्या हुई है उनके परिवार में बच रहे व्यक्तियों को मुआवजा दे दिया जाएगा। सुरक्षा सेनाएं अपनी गश्त बढ़ा देंगी और इस तरह के नाटक के बाद लोग दर्दनाक मौत के कांड को फिर तब तक के लिए भूल जाएंगे जब तक कि कश्मीर घाटी में इसी तरह का कोई दूसरा नरसंहार नहीं हो जाता है। कश्मीर में बेकसूरों की हत्या का दारोमदार पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों पर डाल दिया जाएगा लेकिन इस तथ्य को बिलकुल भुला दिया जाएगा कि भारत सरकार भी खुद इन हत्याओं के लिए कुछ कम जिम्मेवार नहीं है। भारत सरकार जिसने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को पराजित किया था उसे भी तो यह ध्यान रखना चाहिए कि पाकिस्तान अपनी पराजय का बदला किसी न किसी रूप में लेना चाहेगा। एक क्षण के लिए यदि सेना को अलग रख कर समूचे परिदृश्य पर विचार किया जाए तो पता चलता है कि कश्मीर को लेकर भारत पाकिस्तान से प्रचार युद्ध हार चुका है। कारण यह कि जहां एक ओर पाकिस्तान कश्मीर की समस्या को लेकर भारत पर निरंतर दोषारोपण करता आ रहा है वहीं भारत ने गुलाम कश्मीर के हालातों पर कुछ न बोलने की कसम खाकर नियंत्रित तथाकथित आजाद कश्मीर में हुंजा, गिलगित, बाल्टिस्तान के क्षेत्रों में गरीबी और अमानवीय दशाओं का जनता को सामना करना पड़ रहा है। यह कुछ कम आश्चर्य का विषय नहीं है कि भारत सरकार गुलाम कश्मीर के बारे में एकदम मौन धारण करती है।

पाकिस्तान ने हथियाए गए गुलाम कशीर में कश्मीरी जनता की दशाओं के बारे में हर तरह की सच्चाई को दबा रखा है। वह इन समस्याओं की ओर से ध्यान हटाने के लिए जम्मू कश्मीर का राग दुनिया भर में अलापता रहा है। वह खुद अपने देश में बर्बरतापूर्वक शिया समुदाय के लोगों की हत्या, मुहाजिरों व अन्य अल्पसंख्यकों की हत्या व इनके साथ भेदभाव, अहमदियों को अधिकार रहित करना जारी रखे हुए है। पाकिस्तान में खुद पंजाबी मुसलमानों के प्रभुत्व के कारण तनाव व आपसी विग्रह बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी बड़ी चालाकी से आंतरिक हालातों को छिपाकर लोगों का ध्यान इसलाम व जम्मू कश्मीर की ओर मोड़ने में सफल हो रहा है। इसका कारण उसकी सफल प्रचार मशीनरी है। यदि भारत सरकार जम्मू कश्मीर में वास्तविक शांति बहाल करना चाहती है तो उसे गुलाम कश्मीर में रह रहे कश्मीरियों के हालातों को प्रकाश में लाना चाहिए। दुनियां को और साथ ही साथ भारत की जनता को यह पता लगना चाहिए कि किस तरह पाकिस्तान ने गैर कानूनी ढंग से गुलाम कश्मीर पर कब्जा कर लिया है और अब वहां की जनता पर जुल्म ढा रहा है। विश्व समुदाय को गुलाम कश्मीर के आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक हालातों के बारे में बताया जाना चाहिए कि किस तरह वहां की जनता के अधिकारों की हत्या हो रही है जबकि जम्मू कश्मीर में हर तरह के जनतांत्रिक अधिकार बहाल हैं। गिलगित और बाल्टिस्तान के क्षेत्र में तो जनता के सारे अधिकार छीन लिए गए हैं जबकि सभी जनतांत्रिक अधिकारों की जगह पर कानूनी फरमानों से काम चलाया जा रहा है। इस क्षेत्र के निवासियों को पिछड़े हुए काले कानूनों के तहत शासित होना पड़ रहा है जिसमें मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन हो रहा है। गुलाम कश्मीर की जनता पर पाकिस्तान 'फ्रंटियर क्राइम रेगुलेशन' (एफसीआर) के तहत राज कर रहा है। यह कानून अंग्रेजों ने पश्चिमोत्तर सीमा प्रांत के कबायलियों से निपटने व उनके विद्रोह को दबाने के लिए बनाया था।

पाकिस्तान ने इस कानून का प्रयोग गिलगित व बाल्टिस्तान के निवासियों के विरुद्ध प्रयोग किया है। इसके तहत गांव के गांव दंडित किए गए हैं और जनता पर सामूहिक जुर्माना लगाया गया है। पाकिस्तान के कानून इन क्षेत्रों पर नहीं लगाए जाते जबकि पुराने अंग्रेजी कानून के जरिए जनता को शासित किया जा रहा है। इस क्षेत्र के लोग राजस्व व टैक्स अदा करने से इनकार नहीं कर सकते हैं। कुछ आदिवासी इलाकों में पाकिस्तान सरकार सोने को अब भी

टैक्स केरूप में वसूल करती है। वर्ष 1985 तक इन क्षेत्रों का शासन राजनीतिक एजेंटों के जरिए हो रहा था जो बाद में कमिश्नरों की नियुक्ति से शुरू किया गया। सबसे बड़ी बात तो यह है कि केवल उत्तर क्षेत्रीय परिषद के अलावा इन क्षेत्रों में कोई चुनी हुई शासनिक इकाई नहीं है। उत्तर क्षेत्रीय परिषद के भी सभी सदस्यों को पाकिस्तान की केंद्रीय सरकार नामजद करती है। लंबे समय तक इनके लिए मुकर्रर किए गए फंड सेना के पास चले जाते थे क्योंकि सेना ही सबको नियंत्रित करती थी।

यहां एक बात और ध्यान में रखने की है कि गिलगित और बाल्टिस्तान क्षेत्र जो शिया बहुल मुसलिम क्षेत्र है, इसमें पंजाब व सिंध से भारी संख्या में सुन्नी मुसलमानों को लाकर बसाया जा रहा है। लेकिन जब हम जम्मू कश्मीर पर निगाह डालते हैं तो पता चलता है कि यहां कोई आदमी न तो जायदाद खरीद सकता है और न ही स्थाई तौर पर रह सकता है। जबकि पाकिस्तान में यह सब कुछ हो रहा है। यही कारण है कि गिलगित और बाल्टिस्तान की स्थानीय कश्मीरी जनता पाक के अन्य क्षेत्रों से आकर यहां आबाद हो गए लोगों के कारण परेशान है। यहां की नौकरियां व व्यापार सब कुछ बाहरी पंजाबियों व सिंधियों के हाथ में चला गया है। यही कारण है कि इस क्षेत्र में शिया सुन्नी संघर्ष बढ़ा है क्योंकि पाकिस्तान सरकार सुन्नियों को आकर यहां बसने के लिए बढ़ावा दे रही है। 1988 में गिलगित के पास दंगा हुआ था और 1992 में एक सुन्नी नेता की हत्या के बाद भड़के दंगे में 16 आदमी मारे गए थे। 1993 की अगस्त महीने में फिर हिंसा भड़की थी जब एक स्थानीय शिया नेता लतीफ हुसैन की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।

इसके बाद भड़के दंगे में 20 आदमी मारे गए थे तथा शियाओं ने पाकिस्तान सरकार को दंगा भड़काने के लिए दोषी ठहराया था। यही नहीं मानवाधिकार आयोग ने गिलगित व बाल्टिस्तान को लेकर पाकिस्तान सरकार की खिंचाई की थी। रपट में कहा गया था कि 'उत्तर के लोग यह नहीं जानते कि उन पर कौन हुकूमत कर रहा है। पाकिस्तान के हुक्मरान ही समूचे उत्तरी क्षेत्र पर राज कर रहे हैं।

इन लोगों पर पुराने कानून लागू किए जाते हैं जबकि नए कानून नहीं बनाए जाते हैं। उत्तर क्षेत्रीय परिषद जो यहां की सर्वोच्च संस्था है इसे भी कानून बनाने का हक नहीं है। कमिश्नर व कानूनी अदालतें भी स्वतंत्र नहीं हैं। जनता को कोई मौलिक अधिकार प्राप्त नहीं हैं। जो कुछ प्रशासनिक अधिकारी तय कर देते हैं, कानून व न्यायालय उसका पुनरीक्षण नहीं कर सकता है। कमिश्नर भी स्वतंत्र नहीं हैं। प्रशासन जातीय संघर्षों को रोकने में विफल हो चुका है।

वर्ष 1990 में उत्तर क्षेत्रीय परिषद के तीन सदस्यों ने पाकिस्तान नियंत्रित गुलाम कश्मीर के हाईकोर्ट में एक मुकदमा दाखिल किया था। ये प्रतिनिधि ये जानना चाहते थे कि गिलगित, हुंजापीर व बाल्टिस्तान तथा उत्तरी क्षेत्र का गुलाम कश्मीर के साथ क्या संबंध है? इसके उत्तर में कोर्ट ने 1993 के अप्रैल माह में एक लंबा निर्णय देते हुए कहा था कि 'दरअसल गिलगित, हुंजापीर, बाल्टिस्तान तथा उत्तरी क्षेत्र जम्मू कश्मीर का हिस्सा है इसलिए इन क्षेत्रों पर पाकिस्तान का सीधा प्रशासन गैरकानूनी है।' हाईकोर्ट ने पाकिस्तान सरकार को निर्देश दिया था कि वह इस क्षेत्र का प्रशासनिक दायित्व कश्मीर विधानसभा को सौंप दे। गुलाम कश्मीर की कश्मीरी जनता ने इस आदेश का स्वागत किया था। 1993 में गुलाम कश्मीर की विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित करके मांग की थी कि उत्तरी क्षेत्र को पाक नियंत्रित कश्मीर में जोड़ दिया जाए। लेकिन इस आदेश के विरुद्ध पाकिस्तान की सरकार ने 1994 में सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के आदेश को बहाल कर दिया। बावजूद इसके भी पाकिस्तान सरकार ने गुलाम कश्मीर की विधानसभा को अधिकार नहीं दिया बल्कि इसलामाबाद के शासकों के रहमोकरम पर जनता को छोड़ दिया।

अब यदि राजनीतिक अधिकारों को छोड़ कर आर्थिक विकास संबंधी बातों को लिया जाए तो पता चलता है कि गुलाम कश्मीर, जम्मू कश्मीर की अपेक्षा काफी पिछड़ा है। भारत के जम्मू कश्मीर के सभी गांवों में बिजली पहुंच गई है जबकि गुलाम कश्मीर के 70 प्रतिशत गांव अभी तक बिजली से वंचित हैं। जम्मू कश्मीर में 120 अस्पताल हैं जबकि गुलाम कश्मीर में केवल 10 हैं। गुलाम कश्मीर में केवल एक विश्वविद्यालय है जबकि जम्मू कश्मीर में सैकड़ों महाविद्यालय, विश्वविद्यालय व दो मेडिकल कालेज भी है। ❑



कश्मीरी पंडित
मैं वोट बैंक नहीं हूं
इसीलिए लावारिस हूं।

****

वंधामा गांव

मुझे आज फिर कत्ल किया गया
पूरे परिवार के साथ
और मैं देखता ही रह गया
कुछ न कर सका
न बेटी को बचा पाया, न बहू को, न पत्नी को
न मां को, न बेटे को, न पौत्र को, न पौत्री को
न पिता को, न नवजात शिशु को
और न अपने आस्था केंद्र को ही।
मैं बार-बार कत्ल होता रहा हूं।
हर बार मेरी हत्या का कारण बनता है मेरा नाम।
मैं इस बार भी मारा गया/फिर मारा जाऊंगा
हर बार मेरे मरने के बाद मनेंगे मातम
प्रदर्शन होंगे, पुलिस की लाठियां चलेंगी
कुछ घायल होंगे,
अखबारों के मुखपृष्ठ पर छपेंगी
मेरे मातम की बड़ी-बड़ी तस्वीरें
और किसी नेता का मेरी हत्या से पहले
तैयार किया गया वक्तव्य
फिर सब कुछ सामान्य हो जाएगा।
मेरी अगली हत्या होने की प्रतीक्षा के लिए
सभी पूर्व तैयारियों में जुट जाएंगे।
अगली बार फिर उन्हें
अपने ताकत की आजमाइश करनी होगी—
किसी प्रदर्शन में पुलिस की लाठियां सहने के लिए।
और मैं लावारिस ही मरता रहूंगा।
हर हत्याकांड के बाद
मेरी सुरक्षा के बारे में
संसद में प्रस्ताव पारित होंगे
और तब तक बन चुका होगा
पूरा कश्मीर—
वंधामा गांव।

—महाराजकृष्ण भरत

शहीदों के नाम


—मोतीलाल खर

क़यामत से पहले मिटाने के खातिर,
यह ताज़ा क़यामत उठाई गई है
जहां चोट खाई थी दिल की नज़र ने,
वही दिल की हालत बनाई गई है
नज़र का तो वह इम्तिहां ले चुके थे,
तमन्ना की हद आज़माई गई है
क़तल को निशाना बनाया गया है,
शरीफ़ों की हंसी उड़ाई गई है
मुहब्बत की देवी को नाज़ो अदा से,
नफ़रत की चादर ओढ़ाई गई है
असली शराफत कोबदनाम करके,
शराफत तमाशा बनाई गई है
कभी दी गई मुझको झूठी तसल्ली,
कभी मुहब्बत की शमा दिखाई गई है
कभी आग दिल में लगाई गई है,
कभी आग दिल की बुझाई गई है
बताऊं मैं क्या अपनी आवारगी का?
फिर घर जाने का मशवरा कर रहा हूं
जहां मौत का हर घड़ी सामना है,
जहां दिल की दौलत लुटाई गई है
यह किस संगदिल ने निशाना बनाया,
यह नग़्मे हैं किस के मुहब्बत के मुजरिम
दहकते होंठों की गुलाबी चिता पर,
किसी गीत की लाश पाई गई है
घर के कूचे में 'मोती' तुम भी अगर जा रहे हो,
तो जाना संभल कर
वहां का है दस्तूर सब से निराला,
वहां उल्टी गंगा बहाई गई है

34/213 ए विक्रम विहार,
लाजपतनगर-IV, नई दिल्ली-24

मूल कन्नड़ कविता

मैं कश्मीरी हूं



डा. सुमतीन्द्र नाडिग
अध्यक्ष
नेशनल बुक ट्रस्ट

स्वर्ग से भी भव्य
अपनी जन्मभूमि को छोड़ते वक्त,
मुझे वहां से भागना पड़ा था
अपनी जान बचाने के लिए।
लेकिन आज भी बार-बार
मेरा मन वहीं लौट जाने को करता है।
वहां की मिट्टी और मेरे बीच का रिश्ता
वापस लौटने के लिए मुझे बार-बार धकेलता है।

भारत माता के मस्तक की तरह चमक रहे
कश्मीर पर, आज घाव है
उस घाव से सारा शरीर सुन्न पड़ गया है।
और शरीर सिर को भूल ही गया है।

सारस्वत, आज अदृश्य हो गई
सरस्वती नदी को, भूल गए हैं।
वे अपना बचपन भूल गए हैं,
जो उन्होंने नदी के किनारों पर खेलते हुए बिताया था।

पांडित्य का बहुत सम्मान
होता रहा है इस देश में,
लेकिन कश्मीरी पंडित
आज बेघर हैं.....

अनुवाद : पृथ्वीराज मोंगा

कल तक बहुत देर हो गई होगी

—त्रिलोकी नाथ धर 'कुन्दन'

परसों छ: मारे गए
कल सोलह; आज छब्बीस।
छत्तीस कुल्हाड़ियां, छियालीस तलवारें,
छप्पन गोलियां और छियासठ बम के गोले
तैयार रखे गए हैं
कल, परसों और तरसों के लिए।
कई वर्षों से अब यही गिनती सुनने को मिलती है
वह पुरानी एक दो, तीन, जैसे भूल ही गई हो।
वह आरंभ होती थी ईश्वर के नाम से,
यह किससे आरंभ होती है—राम जाने।
कहां है कश्मीर, कश्यप का, लल्ला का, नुन्द ऋशिक
अब तो है नया कश्मीर
जहां आए हैं नूतन पीर
जिन्होंने पिलाया है काला क्षीर।
लोगों पर चली गोलियां
सामान की लगी बोलियां
खून की खेली होलियां।
कहां हैं प्यार और मुहब्बत?
संबंध हो गए विषाक्त
मकानों को लगी आग
दुर्जन दर्शाते अभिमान हैं।
सज्जन हुए परेशान हैं।
बारूद बोया बागों में,
रक्त घोला तंडावों में,
भेड़िये ताक में हैं।
दहन और नरसंहार करके हटें,
तो आग लगा दी मंदिरों में।
सोचा होगा
समय के शासक सुशुप्ति में
नेता बन गए डाकू—कौन पूछेगा।
रहा प्रश्न ईश्वर का
उसका घर जला दो
बेघर होकर कौन सी अड़चन ला सकेगा हमारे लिए।
विश्व मत का क्या—?
कहेंगे 'हमें कुछ नहीं मालूम
हम तो धर्मभीरू हैं
हमारे मज़हब में यह कुकर्म वर्जित हैं,
किए होंगे किसी काफिर ने
हमें बदनाम करने के लिए।'
रही बात शासन की
हां आएंगे मंत्री, शासक
करेंगे हवाई सर्वेक्षण हेलीकाप्टरों में
इस दुखद अमानवीय कुकृत्य का
'त्राहि माम' भी कहेंगे
सान्त्वना भी देंगे
'हमारा हृदय तुम्हारे साथ है
हमारी भावनाएं आहत हैं।'
एक एक जन मरता जाता है
हम करते हैं चीख पुकार
क्रोध भी आता है हमें
शोर भी मचाते हैं हम
पर कौन सुनता है
किसको पड़ी है?
कौन है हमदर्द हमारा
मानवता का पक्षधर
जो जानता, समझता
कि यूंही यदि आतंकाद पनपता रहा
उच्छृखल, निरंकुश
एक व्यक्ति भी नहीं बचेगा
पिंडोदक क्रिया के लिए
इन अकाल-ग्रस्त मृतकों की
इन कश्मीर के अभागे सपूतों की
त्राहि त्राहि करने से क्या हासिल
कुछ करना पड़ेगा
वह भी आज
क्योंकि कल तक बहुत देर
हो गई होगी
बहुत देर॥

निर्वासित वृद्धा

—सुतीक्ष्ण कुमार 'आनंदम'

अपने कैंप के करीब
हर सुबह
फिरण में लिपटी
एक वृद्धा की आंखें
नापा करती हैं
खेतों के आस पास
कच्ची पक्की राहों के आर पार
उगे सफेदों के कद
आंका करती है अम्बर का रंग,
जब तक भीग जाती हैं पलकें
भारी हो जाता है मन
वह अपनी तर्जनी से
होटों की फरकन के साथ
लिख देती है हवा में
पीर पंचाल के पार
सीर, कानलीगुंड, हफ्तनाड़
देवदार और चिनार
और सोचने लगती है अवाक—
भूल क्यों रहा है अखरोट
पहाड़ का चश्मा,
याद क्यों नहीं आता गोशा
अम्बरी सेब का स्वाद
ऐशमुकाम और
कोकरनाग के बीच की दूरी
जो कम नहीं है किसी तरह भी
मायके और ससुराल की दूरी से
और करती है याद
मटन के कुण्ड में
मछलियों की रौनक,
अपनी सहेलियों
सकीना और बानो के साथ
तलाश में सोने की मछली की
बिताए दिन,
सलामा के टांगे की सवारी,
वो बेबाक मस्ती पकड़ती
बहन परमेश्वरी के साथ अलहड़ जवानी
और खोजती है मन के कैलंडर में
अपनी जन्म तिथि
टटोलती है जन्म स्थान।

आज जाते हैं तब
सोहनू और मोहनू
हंसते खिलते दांत निकालते
चमनी थाम लेती है उसकी बांह
और वह
दांतों की चमक में उनकी,
चमनी की कोमल पकड़ में
देखने लगती है अपना अतीत:
समावार की महक में रसी-बसी
कहवे की मस्ती
और सहसा
फिरण से निकाल कर देखती है
विस्फोट में मारी गई बहू का फोटो
शाम के खाने के लिए किरयाना लेने गई थी जो,
गोली का निशाना बने बेटे का चित्र
जो लौट रहा था
बीमार हबीबा को उसके घर पहुंचा कर,
बहाती है आंसू
जिन्हें देख कर सोहनू और मोहनू
भूल जाते हैं
अपनी मां की रही-सही याद
पिता की स्मृति,
डूब जाते हैं गहरे
वृद्धा दादी की गम में
और सहसा
उसके अतीत के साथ
करने लगते हैं याद
गलियों में अपनी उछल-कूद
सड़कों पर रेल-पेल
जब देर शाम को
सुनाई देतीं आवाज़ें
खाना खाने के लिए बुलातीं,
काफी होती हैं जो
मां की याद दिलाने के लिए
पिता का स्मरण कराने के लिए
जब बूढ़ी दादी
बाहों में भर लेती है उनको
सांतवनाओं से भर लेती है हर क्षण को
और धीरे धीरे
लौटने लगती है कैंप की ओर

402-अम्बफला, जम्मू (तवी)-180005

धारावाहिक

पशु गाथा

(दूसरी किस्त)

—मोतीलाल क्यमू

अब रात का अंधेरा बढ़ रहा था। गधे को यह देखने में कठिनाई हो रही थी कि सियार और गीदड़ कहां जा रहे हैं, पर उसने धैर्य से काम लिया, गीदड़ पर आंखें जमाए रखीं। वह चुपके से उन्हीं के पीछे पीछे जा रहा था। तभी सियार रास्ता बदल कर गीदड़ को चकमा दे कर कहीं चला गया। गीदड़ थोड़ी देर रुक कर शायद सियार को ताकने की कोशिश करने लगा। उसे सियार का छुप जाना अच्छा नहीं लगा। वह जान गया कि सियार की नीयत में खोट है। कुछ देर के बाद गीदड़ ने आगे को कदम बढ़ाए। गधा भी कदम बढ़ाने लगा।

दूर से रोशनियां दिखाई दे रही थीं। गधा जान गया कि वह नगर के समीप पहुंच गया है। उसने अपने चारों ओर नजरें घुमाईं और देखा कि अभी भी वह अपने सुंदर वन के किसी भाग में ही है। अब आगे-आगे गीदड़ दुम हिलाते हुए बड़ी शान के साथ चल रहा था और उसके पीछे-पीछे गधा बड़ी सावधानी के साथ जा रहा था ताकि उसे पहचाना न जा सके।

वन के एक छोर पर चरागाह रोशनियों के बीचों बीच दिखाई दिया। सारी रोशनियां एक विशालकाय आदमी पर केंद्रित थीं। सूरजमुखी फूल की भांति उसका चेहरा गोलाकार था पर था श्वेत। उसने बहुत बड़ा 'फिरन' पहन रखा था। उसके पैर भी उस फिरन में छुपे थे। पैरों के ऊपर उसके फिरन में खिड़कीनुमा आकार थे। उसकी बाहें लंबी थीं। बाहों में गोल्फ खेलने के लिए स्टिक थी। क्या यही वह वन प्रमुख है जिसके बारे में सियार और गीदड़ बातें करते थे या यह पुरुष वह है जिसे लोग पादशाह कहते हैं। गधा कुछ भी नहीं समझ सका।

गधा गीदड़ पर आंखें टिकाये था। इतने में किसी ओर से दौड़ कर आया सियार और वन प्रमुख के आगे झुक गया। दुम हिलाई। कमर से सारी धरती साफ की और कुछ ऊंघने के बाद कहने लगा, 'हे वन प्रमुख! अब हमारी हालत फिर बिगड़ गई। इसका मुख्य कारण गीदड़ और उसकी जमात है। आजकल लोगों में इंतिशार फैल रहा है। वन का अमन-चैन बरबाद हो जाएगा। लोक-कल्याण के सारे काम आजकल ठप्प हो कर रह गए हैं। सब ठेकेदारों से अपना हिस्सा वसूलते हैं। जो कुछ भी आपने पिछली बार गधों की बहबूदी के लिए रकम दी थी सब समाप्त हो गई। उसमें बचा ही क्या। मेरी हालत देखो, खिदमत करते करते नंगा रह कर गुजारा करना पड़ रहा है। और वह गधे हैं, कि पिछड़े ही रहना चाहते हैं।' वन-प्रमुख खामोशी के साथ सुनता रहा और थोड़ा-सा मुस्कराया। फिर दायें हाथ की गोल्फ स्टिक से एक कार्ड सियार को सौंप दिया। सियार ने कार्ड हाथ में लेकर देखा और बोला, 'किचन में वाज़वान खाने का कूपन, वाह, क्या बात है।' वह दौड़ कर किचन की ओर भागा और वन-प्रमुख ठहाके के साथ हंसा। गधा हैरानी के साथ यह सब देखता ही रहा।

गधे में उत्सुकता जगी कि इसी दम वन-प्रमुख के पास दौड़ कर जाए पर उसकी नज़र गीदड़ पर पड़ी जो अपनी विशेष वाणी में कुछ बोल रहा था। गधे की समझ में कुछ नहीं आया। न जाने वह गीदड़ से क्यों डरता था। गीदड़ दौड़ कर वन प्रमुख के पास पहुंचा और उसके पैरों पर पड़ा, अपनी आवाज को लचीली बनाकर बोला, 'हे अन्न दाता। आपसे क्या छुपाऊं अब हमारे वन में शांति नहीं रहेगी। मैं क्या करूं दूसरे वन के वासियों पर कोई

नियंत्रण नहीं रह पाता। सभी आपकी छत्रछाया में नहीं रहना चाहते। सारी बदमाशी की जड़ सियार है जो सबको मेरे विरुद्ध भड़काता है। सारा माल-मुत्ता जो भी आपने गधों के कल्याण के लिए बख्शा था, वह खर्च हो गया। अब मैं खाली जेब मारा-मारा फिरता रहता हूं। गुज़ारा करना मुश्किल हो गया है, इसलिए आप का आसरा चाहता हूं।' ओऊं ओऊं करके गीदड़ गिड़गिड़ाया। वन-प्रमुख ने अपने बायें हाथ की गोल्फ स्टिक से एक पर्ची गीदड़ के हाथ में थमा दी। 'वाह, पूरा वाज़वान खाने की दावत, वाह', गीदड़ उछल-उछल कर किचन की ओर दौड़ा।

अब गधा धीरे-धीरे वन-प्रमुख के पास गया और कुछ क्षण अपनी टांगों को फैलाकर धरती पर बैठ गया। फिर धीरे से दो कदम आगे आकर आंखें नीचे करके बोला, 'हे वन प्रमुख! लगता है तू केवल उनकी सुनता है जो तेरे पास अनाप-शनाप बातें कह कर वाज़वान खाने की चेष्टा करते हैं। मेरी बहबूदी की सारी रकम, लगता है, इस सियार और गीदड़ ने हज़म कर ली है, देखता नहीं मेरी कितनी दयनीय दशा है। मुझे कभी कुछ नहीं मिला। यही लोग सारे ठेकेदारों से अपना कमीशन खा-खाकर मोटे हो गए हैं। दोष हमारा है, हम गधे नारों पर ध्यान देते हैं, और सड़कों पर आकर हंगामा करते हैं। बस।' इस पर वन प्रमुख अपनी गंभीर वाणी में बोला, 'आप पराये मुल्क के प्रमुखों के उकसाने पर ऐसा करते हो और उन्नति से वंचित रहते हो। बहरहाल, अपने में लीडरशिप पैदा करो और एक हो जाओ।' ऐसा कह कर वन प्रमुख ने फिरन के नीचे से एक शाल निकाल कर गोल्फ स्टिक से गधे की पीठ पर फैलाया। दूसरी गोल्फ स्टिक से फिर के नीचे से रस्सी के साथ लटकती एक हांडी निकाली उसे गधे के गले में डाल कर कहा, 'जाओ हांडी का अन्न तुम्हारी भूख मिटाएगा और शाल सर्दी से तुम्हारी रक्षा करेगा। हां अपने अधिकारों के प्रति होशियार रहो।' गधा फूले नहीं समाया, वह झूम-झूम कर नाचने लगा और थोड़ी देर के लिए सियार और गीदड़ की प्रतीक्षा करने लगा।

कुछ देर बाद सियार किचन से बाहर आ गया। लगता था उसने इतना खाया था कि उससे चला नहीं जाता था। फिर भी भारी कदमों से वह वन-प्रमुख के सम्मुख पहुंचा। 'वाह क्या स्वादिष्ट वाज़वान था। हे वन प्रमुख! आपको मैं सूचित करता हूं कि गीदड़ की चालाकी से सावधान रहें। भाईचारा छोड़ कर जाति भेद और सांप्रदायिकता फैला रहा है। आज कठमुल्लाओं के प्रभाव में आकर साज़िशें रच रहा है।' सियार ने पूर्ण अपनापन जतलाते हुए कहा। इस पर वन प्रमुख ने अपने फिरन का एक छोर ऊपर उठा लिया और सियार को अंदर आने का संकेत दिया।

सियार फिरन में जैसे गायब हो गया। गधा यह देख कर अचंभे में आ गया। उसे वन प्रमुख के विशालकाय होने का कोई अंदाजा ही नहीं था। एकदम गधे की नज़र गीदड़ पर पड़ी। वह अपने जबड़ों पर अपनी जीभ बार-बार फिरा रहा था। जैसे वाज़वान का सारा मज़ा उसके जबड़ों पर अब भी हो। वह भी बड़े चाव के साथ वन प्रमुख के समीप पहुंचकर आत्मीयता के साथ बोला—'इस समय यहां कोई नहीं इसलिए कहता हूं कि सियार और उसके स्वजातियों पर कोई भरोसा न करना। आजकल नवयुवकों को शत्रु के प्रदेश जा कर अस्त्र-शस्त्र लाने की प्रेरणा दे रहा है। उनको बाहर के प्रदेशों में भिजवाने के लिए धन इकट्ठा कर रहा है जो आपको रिश्वत के रूप में दिया जाएगा। अवश्य आपको धोखा देगा। साज़िश रच रहा है।'

वन प्रमुख ने फिरन का दूसरा छोर ऊंचा करके उसे अपने आसरे में ले लिया। गधा हैरान रह गया। उसे अपनी आंखों पर विश्वास ही न रहा। कुछ ही क्षणों में फिरन के गवाक्षों से दो अलग-अलग चेहरे दिखे। एक सियार का और दूसरा गीदड़ का। 'वाह क्या दृश्य है। महा-मानव का महा लिबास और उसमें छुप गए दो विरोधी जानवर।' गधा देख कर डर सा गया। वह मुड़कर वापस जाने को हुआ। चलते-चलते उसे लगा कि वह उस शानदार गधे के बराबर है जिस पर लोग वर को बिठाते हैं। उसे नशा-सा आ गया। उसे अपनी शान की अनुभूति हुई। लेकिन गले में लटकती हांडी का भार उसे दुखी करता था। वह किसी तरह उस हांडी से पिंड छुड़ाना चाहता था। वह आगे चलता गया। किस रास्ते से आया था उसे होश नहीं था। सियार और गीदड़ वाज़वान खा

कर मस्त थे, लेकिन उस के पेट में एक लुकमा भी नहीं गया था। इसलिए वह हांडी तोड़ने की सोचने लगा। वह उस स्थान की तलाश में था जहां पर वह हांडी तोड़ सके। कुछ दूर चल कर उसे एक बड़ा देवदार दिखाई दिया। गधे ने आव देखा न ताव झट से हांडी देवदार के साथ जोर से टकराई। हांडी टूट गई पर रस्सी उसके गले में ही लटकी रह गई। हांडी में रखे बासमती चावल ज़मीन पर फैल गए। गधे ने झट से चावल चट कर लिए। भूख दूर हुई पर शरीर पर रखा हुआ शाल जैसे उसे सूइयां चुभा रहा था। पर उसे अपनी शान का एहसास होता था जैसे वह ज़िन्दगी में पहली बार कोई शानदार जीव है। इसलिए कदम हाथी की भांति उठा-उठा कर चल रहा था। आगे जा कर उसे अनुभव हुआ कि जैसे उसके सामने दो खूंखार पशुओं की आंखें चमक रही हैं। उसने ढींचू-ढींचू की आवाज़ से सोए हुए सारे पशुओं को जगाया। पर सामने थे सियार और गीदड़ जो बाकी जानवरों से डरने वाले नहीं थे। एक आवाज़ में बोले, 'अब हम तुम्हें जीवित नहीं छोड़ेंगे। तू हमारे रहस्य का भेदी हो गया है। वाह क्या शाल ओढ़ के जा रहा है जैसे यह भी तेरे मालिक का माल है'। गीदड़ ने ओऊं ओऊं का शोर मचा कर उछल कर शाल का एक छोर मुंह में लिया और सियार ने दूसरा छोर और दोनों ने दौड़ कर वासिप घने वन की राह ली। गधा ढींचू-ढींचू की आवाज़ से रात की शांति को भंग कर रहा था। वह शाल से भी गया। अब केवल उसके गले में रस्सी लटक रही थी। शायद गुलामी की रस्सी। उसे महसूस हुआ कि वह अपने ही वनप्राणियों द्वारा गुलाम बनाया गया है।

(जारी)

कश्मीर

—रमेश मेहता

ऐसा तो नहीं कि ठिठुरना
छोड़ दिया पहाड़ ने
रुक गई बहती हुई नदी
गाना भूल गई अल्हड़ मुटियार
रास्ता भूलने लगे
लौटते हुए पशु
बरसना भूल गई बारिश
या खिलना बिसर गई धूप।

सब वैसा ही है तो फिर
स्मृतियों में क्यों नहीं कौंधते
लहराते हुए लाल गुलाब
सतरंगी किरणें बिखेरता
अरुण रंग क्षितिज
आकाश छूते चिनार
डोंगे से उठती
हब्बा ख़ातून की पुकार...

उप सचिव,
ज.क. अकादमी ऑफ आर्ट,
कल्चर एंड लैंग्वेजिज़, जम्मू

काऽशुर समाचार

काऽशुर बोग (कश्मीरी अनुभाग)

वर्ष 42 अंक 12 मार्च 1998

यथ अंकस मंज़

●

अधर्म छु पोंतुस नष्ट गछ़ान

अधर्मेणैधते तावत्ततो भद्राणि पश्यति।
ततः सपत्नां जयति समूलस्तु विनश्यति॥

(मनुस्मृति 4/174)

अर्थः—मनुष छु (अधर्मेण) अधर्मु सूंत्य (तावत) ग्वडुं ग्वडुं (एधते) बडान (ततो) तोपतुं (भद्राणि) रुत रुत (पश्यति) डेंशान बल्कि छु (सपत्नां) शऽत्रन ति (जयति) ज़ेनान (तु) मगर छेकरस छु (समूलान) मूलुंम्वंजि (विनश्यति) नाशस गछ़ान।

●

अलखेश्वरी रोपुं भवानि हुंद अम्रेंतुं वाख

माता न पिता भ्राता न बंदु,
वार्तास वेदम् एको केवलोऽहम।
गोरू न चेला मन्त्रो न लीला,
सु युस अकेला परंब्रह्म सोऽहम॥

**(सौजन्य : सुश्री अपर्णा धर
